


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 28 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 10 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### राज्यपाल रवि के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

**नईदिल्ली।** राज्यपाल द्वारा विधेयक पास करने में देरी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। अब इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को मामले की सुनवाई में शामिल होने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि तमिलनाडु सरकार ने याचिका में जो मुद्दा उठाया है, वह बेहद चिंताजनक है।

बता दें कि तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल पर राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाया। सरकार का कहना है कि इससे राज्य में संवैधानिक गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई है। याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक कार्यों पर कार्रवाई ना करके राज्यपाल नागरिकों के जनादेश के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि विधानसभा में पारित 12 विधेयक राज्यपाल आरएन रवि के कार्यालय में लंबित हैं। आरोप है कि राज्यपाल रोजमर्रा की फाइलों और नियुक्तियों के आदेश पर भी सहमति नहीं दे रहे हैं। तमिलनाडु सरकार का कहना है कि भारत के संविधान ने राज्यपाल को दोहरी जिम्मेदारी दी है। राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख होते हैं, जो मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हुए हैं। राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

### दुर्ग से जयपुर तक ही दौड़ेंगी यह चार ट्रेनें, पांच ट्रेनों का बदला रूट

**रायपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत फुलेरा-गोविंदी मारवाड़ सेक्शन में दोहरीकरण और फुलेरा यार्ड रिमोडिंग का काम 11 से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके चलते दुर्ग से जयपुर तक चार ट्रेनें दौड़ेगी, जबकि पांच ट्रेनों को परिवर्तित रूट से चलाया जाएगा।

रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस का दुर्ग से जयपुर, 26 दिसंबर को अजमेर से चलने वाली ट्रेन नंबर 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का जयपुर से दुर्ग के बीच परिचालन होगा। इसी तरह से 24 दिसंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस दुर्ग से जयपुर तक और 25 दिसंबर को अजमेर से चलने वाली ट्रेन नंबर 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का जयपुर से दुर्ग के बीच परिचालन होगा। 24 दिसंबर को बीकानेर से चलने वाली ट्रेन नंबर 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चुरू-जयपुर होकर रवाना होगी। 18, 19, 25 और 26 दिसंबर को बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जयपुर-रींगस जंक्शन-सीकर-चुरू-डेगाना जंक्शन होकर रवाना होगी। 21 और 23 दिसंबर को भगत की कोठी से चलने वाली ट्रेन नंबर 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग डेगाना जंक्शन-चुरू-सीकर-रींगस जंक्शन-जयपुर होकर रवाना होगी।

14, 16, 21 और 23 दिसंबर को बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जयपुर-रींगस जंक्शन-सीकर-चुरू-डेगाना जंक्शन होकर रवाना होगी। 17, 19, 24 और 26 दिसंबर को बीकानेर से चलने वाली ट्रेन नंबर 20845 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चुरू-सीकर-रींगस जंक्शन-जयपुर होकर रवाना होगी।

# भाजपाई कुशासन से मिली निजात तो 5 साल में करवाए 600 करोड़ के काम- अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

दुर्ग। राजनीतिक दलों में चुनावी खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक के पास सांस लेने की फुरसत नहीं है। चुनाव प्रचार सुबह से लेकर देर रात तक चल रहा है। इस बीच श्रीकंचनपथ की टीम ने दुर्ग शहर से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा से संक्षिप्त राजनीतिक व चुनावी चर्चा की। अपनी तमाम व्यस्तताओं के बीच श्री वोरा ने विभिन्न विषयों पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने 15 साल के भाजपाई कुशासन की तुलना कांग्रेस के पंचवर्षीय कार्यकाल से करते हुए दावा किया कि कांग्रेस की सत्ता आने के बाद सिर्फदुर्ग शहर में ही 600 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने अपनी ही पार्टी के राजनीतिक विरोधियों को लेकर भी बेबाक बातें कही। अपने पिता स्व. मोतीलाल वोरा के दुर्ग की जनता के साथ पारिवारिक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि बाबूजी, यदि राजनीति के उच्च पदों पर पहुंचे तो उसके पीछे दुर्ग के मतदाताओं का प्रेम, स्नेह और आशीष ही था। आज यही प्रेम और आशीष उन्हें बाबूजी से विरासत के रूप में मिला है। पेश हैं उनसे हुई बातचीत के संक्षिप्त अंश...........



**? दुर्ग से सातवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। लोग परिवारवाद के आरोप लगा रहे हैं। परिवर्तन की बातें भी हो रही है...**

– शहर के नागरिक मेरे लिए मतदाता नहीं हैं बल्कि पिछले 6 दशकों से मेरे लिए मेरा परिवार हैं। हर वार्ड, हर गली और हर मोहल्ले में बसने वाले सर्वहारा वर्ग व सर्वसमाज के लोगों से बाबूजी के शुरुआती जनसेवा कार्यों के समय से ही पारिवारिक रिश्ता बना है जो हमेशा कायम रहेगा। चुनाव का समय है। विरोधी अपनी बातें कहेंगे ही, किन्तु शहर के मतदाताओं ने लगातार अपना प्रेम, स्नेह व आशीष देकर बाबू जी को राजनीति के उच्च पदों तक पहुंचाया। मुझ पर भी लगातार मतदाता विश्वास करते आए हैं। यह पारिवारिक रिश्ता किसी राजनैतिक पद का मोहताज नहीं है। पद तो आते जाते रहते हैं। यह पारिवारिक रिश्ता मरते दम तक कायम रहेगा। मैं अंतिम सांस तक शहर की जनता की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा।

**? किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं? भविष्य में काम करने का क्या एजेंडा होगा?**

– देखिए सबसे पहले तो मैं यह बताना चाहता हूं कि 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ लेने के पहले घंटे से लेकर आचार संहिता लगने तक लगातार जनकल्याणकारी कार्यों की मिसाल कायम की है। किसानों की कर्जमाफी, सर्वाधिक समर्थन मूल्य, वनोपजों की कीमतों में बढ़ोत्तरी, गोबर की खरीदी, शहरी एवं ग्रामीण औद्योगिक पार्क, उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान, सस्ती दवा दुकान, हमर लैब, हमर क्लिनिक, शहरी स्लम स्वास्थ्य , बेरोजगारी भत्ता, फ्री बस पास, महतारी दुलार, स्वास्थ्य सहायता, सभी को राशन जैसी महती योजनाओं से प्रत्येक वर्ग का का दिल जीता है। कांग्रेस की सरकार ने आर्थिक रूप से अंतिम व्यक्ति को सुदृढ़ किया है। छत्तीसगढ़ी गौरवशाली संस्कृति को आमजन महसूस कर रहे हैं। यह बात गौर करने योग्य है कि 5 वर्ष के कार्यकाल में से 2 वर्ष तो वैश्विक महामारी कोरोना के नियंत्रण में निकल गए। आगे की कार्ययोजना भी तैयार है। शहरी स्तर के साथ ही प्रादेशिक स्तर पर भी बड़ी योजनाएं कांग्रेस के अगले कार्यकाल में देखने को मिलेंगी। दुर्ग शहर में ही नवनिर्मित कालोनियों व पटरी पार में सड़क नाली, बिजली पेयजल व सौंदर्यीकरण के लिए विशेष अधोसंरचना विकास का प्लान बनाकर क्रियान्वयन किया जाएगा। मालवीय नगर चौक से पुलगांव मार्ग व स्टेशन रोड़ , गुरुद्वारा रोड उन्नयन जैसे कार्य संपादित होंगे।

**? दुर्ग के लोग आपको वोट क्यों दें, क्या उपलब्धियां हैं आपकी?**

– शहरवासियों का प्रेम व स्नेह है जिस कारण ही इस वर्ष सातवीं बार मैं चुनाव लड़ रहा हूँ। जनसेवा के लिए पदों की आवश्यकता नहीं होती। यह एक ऐसी तपस्या है जिससे आत्मीय शांति मिलती है। विकास एवं उपलब्धियों के साथ जनता के बीच जाएंगे। सिर्फ दुर्ग शहरी विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्ष में 600 करोड़ से अधिक के विकास कार्य सम्पन्न व प्रारम्भ कराए गए हैं । 15 वर्ष के कुशासन में दुर्ग शहर विकास से अछूता रहा, किंतु कांग्रेस सरकार आने के बाद 64 करोड़ से मुख्य मार्ग उन्नयन, जल भराव के निपटान के लिए शंकर नाला समेत शहर के सभी छोटे-बड़े नालों का सुदृढ़ीकरण, बोरसी धनोरा मार्ग, बोरसी रुआबाँधा मार्ग, पुलगांव अंडा मार्ग, मिनीमाता चौक से अंजोरा मार्ग, धमधा रोड, चंडी मंदिर, पोलसायपारा मार्ग, पचरी पारा मार्ग जैसे प्रमुख सड़कों के अलावा वार्डों के आंतरिक मार्गों सड़क नालियों का करोड़ों रुपयों की लागत से निर्माण कराया गया है। शहर के हर अंधेरे कोने को प्रकाश व्यवस्था हाई मास्ट लाइट, एलईडी लाइट लगाकर चकाचक किया गया। शहर को भयमुक्त करने के लिए भी यह जरूरी था। 4 स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में उन्नयन कराया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले का सबसे बडा जिला अस्पताल आज मेट्रो अस्पताल की तर्ज पर गरीबों को मुफ्त में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में सक्षम हो गया है जिसे लगातार बेहतर बनाने का प्रयास जारी है। हर वार्ड में हमर क्लिनिक घर के दरवाजे पर स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब और भी उन्नत हो गए हैं और हमर अस्पताल के रूप में 24 घंटे सेवा प्रदान कर रहे हैं। 16 करोड़ से बना ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट जनाकर्षण का नया केंद्र बना है। शासकीय दस्तावेज घर बैठे प्राप्त करने की सुविधा मितान योजना से शुरू की गई है। इतनी बातें हैं जिसे बता पाना संभव नहीं किन्तु हितग्राही को सब मालूम है जनता जनार्दन है सब जानती है।

**? नगर निगम में अनावश्यक हस्तक्षेप के आरोप लगते रहे हैं। क्या महापौर को अपने इशारों पर चलाते हैं?**

– देखिए सबसे पहले तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि 20 वर्ष शहर में भाजपा सरकार रही, उन्होंने सिवा भ्रष्टाचार व खानापूर्ति के किया क्या है? अधूरी योजनाएं अधूरा क्रियान्वयन एजेंडा बन गया था। उस बीच 2014 से लेकर 2018 तक 4 वर्ष ऐसे भी रहे जिस दौरान निगम में भाजपा की परिषद, राज्य में भाजपा व केंद्र में भी भाजपा की ही सरकार रही किन्तु नतीजा सिफर। शहर के लोग मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भटकते रहे। अभी कांग्रेस परिषद प्रदेश सरकार के सहयोग से लगातार बेहतर काम कर रही है। जहां तक हस्तक्षेप की बात है, जहां-जहां जनता को समस्या आएगी, वहां-वहां अरुण वोरा जनता के साथ नजर आएगा। जनता की समस्याएं लगातार जिम्मेदारों को बताते रहना, उनका निराकरण करना और जनाकांक्षाओं को पूर्ण करना हर जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है।

**? कभी आपके साथ रहे लोग आज आपके ही खिलाफबगावत की मुद्रा में हैं, कैसे निपटेंगे उनसे?**

– कांग्रेस पार्टी एक बहुत बड़ा परिवार है। यहां सभी के विचारों की अहमियत है। बड़े परिवार में मतभेद हो सकता है किंतु मनभेद नहीं। मेरे लिए सभी वरिष्ठजन, युवा व महिला कार्यकर्ता सम्माननीय हैं और सभी मेरे अपने हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ चुनाव के मैदान में एकजुट है। जनता का कांग्रेस के प्रति भरोसा बरकरार है। कांग्रेस की सरकार फिर से आ रही है। इस बार पार्टी 75 से ज्यादा सीटें सीटकर इतिहास रचेगी।

## भाजपा विधायक के आरोप पर बोले सीएम भूपेश बघेल कहा- उन पर कौन हमला करेगा, उनसे सब डरते हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राजनीतिक सियासत गरमा गई है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल चुनाव प्रचार के लिए निकले थे। इस दौरान अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। भाजपा इसे कांग्रेस की साजिश बता रही है। वहीं अग्रवाल के इस आरोप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान सामने आया है।

वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल के आरोप पर सीएम भूपेश ने पलटवार करते हुए कहा कि बृजमोहन अग्रवाल पर क्या कोई हमला कर सकता है? बृजमोहन अग्रवाल के साथ गुंडागर्दी कौन करेगा? अग्रवाल से सब डरते हैं, उन पर कौन हमला करेगा। वहीं, सीएम ने 2000 के एक किस्से का जिक्र करते हुए पीएम मोदी पर भी हमला बोला।

यह घटना तब हुई जब बृजमोहन अग्रवाल चुनावी प्रचार के लिए बैजनाथपारा क्षेत्र पहुंचे हुए थे। इस दौरान रायपुर दक्षिण से सात बार



के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के ऊपर बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। खुलेआम बदमाशों ने उनका कॉलर पड़कर उनसे मारपीट का कोशिश की, लेकिन उन्हें उनके पीएसओ और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बचाकर एक मदरसे में छिपाकर रखा।

इसके बाद मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। भाजपा कार्यकर्ता सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर धरने पर बैठ गए। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल खुद भी धरने पर बैठे और मांग की है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक धरना खत्म नहीं करेंगे।

## वाट्सएप यूजर्स को लगने वाला है बड़ा झटका, वाट्सएप प्रमुख के इस फैसले से लोगों की जेब पर पडेगा असर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्मार्ट फोन चलाने वालों के लिए वाट्सएप कितना जरूरी यह किसी से छिपा नहीं है। चैटिंग ऐप लोगों के जीवन का जरूरी हिस्सा बन गया है। वाट्सएप अब तक यूजर्स के लिए एक फ्री चैटिंग ऐप है लेकिन आगे जाकर यह फ्री नहीं रहने वाला है। वाट्सएप को लेकर ताजा अपड़ेट आया है जिसके मुताबिक अब इस चैटिंग ऐप में एडवर्टाइजमेंट भी दिखाई देगी। इसकी पुष्टि वाट्सएप के हेड कैथकार्ट ने की है। वहीं यदि एडफ्री वाट्सएप का मजा लेना है कि इसके लिए पैसे देने पड़ेंगे।

बता दें कि इससे पहले भी एक बार वाट्सएप पर एड चलाए जाने की खबर आई थी लेकिन तब इसके हेड ने इस खबर को खारिज किया था। अब एक इंटरव्यू में कैथकार्ट ने कहा कि वाट्सएप में विज्ञापन दिखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए पॉलिसी बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि विज्ञापन मेन इनबॉक्स चैट में नहीं दिखेंगे। वाट्सएप चैनल व स्टेटस में एड दिखाया जा सकता है।

**एड फ्री एक्सपेरियंस के लिए प्रीमियम सब्सक्रिप्शन**

वाट्सएप शुरुआत में सभी तरह अकाउंट में एड दिखाएगा। वाट्सएप पर नया एड फीचर इंस्टाग्राम स्टोरीज और फेसबुक स्टोरीज की तरह ही होगा। यानी जिस तरह इंस्टाग्राम स्टोरीज और फेसबुक स्टोरीज में एड दिखते हैं, वैसे ही वाट्सएप में भी दिखेंगे। आगे चलकर वाट्सएप की प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लॉन्च हो सकती है। जिन यूजर्स को एड फ्री एक्सपेरियंस चाहिए, उन्हें प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लेना होगा जिसके लिए एक निश्चित राशि का भुगतान करना होगा।

### प्रीमियम सर्विस के लिए देने होंगे पैसे

कंपनी की ओर से जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार वाट्सएप शुरुआत में सभी तरह अकाउंट में एड दिखाएगा। वाट्सएप पर नया एड फीचर इंस्टाग्राम स्टोरीज और फेसबुक स्टोरीज की तरह ही होगा। यानी जिस तरह इंस्टाग्राम स्टोरीज और फेसबुक स्टोरीज में एड दिखते हैं, वैसे ही वाट्सएप में भी दिखेंगे। आगे चलकर वाट्सएप की प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लॉन्च हो सकती है। जिन यूजर्स को एड फ्री एक्सपेरियंस चाहिए, उन्हें प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लेना होगा जिसके लिए एक निश्चित राशि का भुगतान करना होगा।

## भ्रष्टाचार, भगवान और आम आदमी

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव प्रचार अपने पूरे शबाब पर है. 20 सीटों पर मतदान हो चुका है। शेष 70 सीटों पर चुनाव से पहले सभी प्रकार के पैंतरे अपनाए जा रहे हैं। कहीं प्रत्याशी पर हमले हो रहे हैं तो वहीं भ्रष्टाचार पर भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे को घेर रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा की तरफसे उसके प्रत्याशी के साथ ईडी और आईटी भी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोदी की गारंटी दे रही है। सवाल यह उठता है कि क्या भ्रष्टाचार कांग्रेस की बपौती है? क्या भाजपा के लोग भ्रष्टाचार नहीं करते। पांच साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता ने अपना फैसला सुनाया था। तब राज्य और केन्द्र दोनों जगह भाजपा की सरकार थी। अर्थात डबल इंजन की सरकार थी। 15 साल सत्ता से बाहर रही कांग्रेस में फकीरी का आलम था। केन्द्र से भी उनकी सरकार को गए चार साल बीत चुके थे। चुनाव मैदान में ईडी, आईटी कोई भी नहीं था। पर जनता ने अपना फैसला सुनाया था। उसे जुमलेबाजी और कामकाज में फर्क समझ में आ रहा था। आज की तारीख में पांच-सात साल का बच्चा भी वादाखिलाफी पर अपने माता-पिता तक को माफकरने के मूड में नहीं दिखता। जहां तक भ्रष्टाचार का सवाल है तो नया दौर केवल सफल लोगों का है। वह सफल कैसे हुआ, उसने कौन से रास्ते अख्तियार किये, इसे लेकर अब कोई सिर नहीं खपाता। कोई उंगली उठाता भी है तो उसे पागल का प्रलाप समझ लिया जाता है। अब तो भगवान के दरबार में भी पैसों का ही बोलबाला है। करोड़ों रुपए खर्च कर भागवत होता है, पैसा कहां से आया कोई नहीं पूछता। मंदिरों में भी दर्शन के लिए प्राथमिकता तय की जाती है। जिसके पास माल है, वह पहले दर्शन करता है, अपने हाथों से आरती भी करता है। यहां भी जोर केवल पैसों का ही होता है। परिवार में भी तूती उसी की बोलती है जो ठीक-ठाक कमा लेता है। ईमानदारी से सुबह से शाम तक घिसने के बाद भी केवल रोटी-दाल कमाने लायक बच्चे के साथ सहानुभूति तो हो सकती है पर परिवार के मामले में उसकी राय कभी नहीं ली जाती। लोग पूछ बैठते हैं कि उसने ईमानदारी के रास्ते पर चलकर क्या उखाड़ा है। स्वयं प्रधानमंत्री का चाल-चलन यह बताने के लिए काफी है कि ठाट-बाट का जीवन में कितना महत्व है। जब संन्यासी का जीवन जी चुका व्यक्ति भी पदारूढ़ होने के बाद चकाचौंध से नहीं बच पाता तो आम आदमी को किसका उदाहरण दिया जाएगा? जनता ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के नेताओं की ठाट-बाट देखी है। उसे कोई अंतर दिखाई नहीं देता। जहां तक नीतियों का सवाल है तो पांच साल पहले इसी केन्द्र ने धान का बोनस देने से इंकार कर दिया था, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दामों पर चुप्पी साध रखी थी। राशन खर्च तक दोगुना हो गया।



## संपादकीय

# नेताओं के साथ न्याय

सांसदों, विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए देश के सर्वोच्च न्यायालय का नया निर्देश सुखद और स्वागतयोग्य है। न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामलों की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करने का निर्देश भी दिया है। अदालतों से कहा गया है कि दुर्लभ और बाध्यकारी कारणों को छोड़कर ऐसे मुकदमों की कार्यवाही कतई स्थगित न करें। न्यायालय का यह निर्देश उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों व विशेष न्यायालयों के लिए आया है। इन्हीं अदालतों में जन-प्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई होती है और यह बहुत दुखद है कि सुनवाई पूरी होने में वर्षों लग जाते हैं। भ्रष्टाचार या अपराध करने वाले प्रतिनिधि भी सुस्त अदालती कार्यवाही के चलते बार-बार चुनाव जीतते रहते हैं और सदनों में आते रहते हैं। ऐसा लगता है, ज्यादातर न्यायमूर्ति आमतौर पर नेताओं के खिलाफ चलने वाले मामलों को अधिक महत्व नहीं देते हैं। ऐसे में, उनके खिलाफ चलने वाले गंभीर मामलों की चर्चा समाज में जरूरत से कम होती है। अगर अदालतें उच्च स्तर पर अपराध के खिलाफ पूरी तरह सजग रहें, तो राजनीति का दामन निश्चित रूप से ज्यादा स्वच्छ हो सकेगा। देश के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ द्वारा जारी निर्देश की रोशनी में पूरी न्यायपालिका बिरादरी को सक्रिय हो जाना चाहिए। नेताओं के खिलाफ शिकायत करने वालों की पीड़ा को समझना जरूरी है। सुनवाई में ज्यादा समय लगता है, तो शिकायत करने वाले को ज्यादा भय व तकलीफसे गुजरना पड़ता है। अनेक मामलों में इतनी देरी हो जाती है कि सुनवाई और फैसले का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है। अनेक मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप के अभाव में शिकायत की फाइलें भी आलमारियों में खो जाती हैं। अगर न्यायाधीश सांसदों और विधायकों के मामलों का स्वत: संज्ञान लेने लगेंगे, तो वाकई देश में न्याय वितरण में यथोचित तेजी आएगी। ऐसे मामलों को न्यायालयों की वेबसाइट पर भी अलग से रेखांकित किया जाएगा, जिससे पता चलेगा कि किसके खिलाफ किस मामले में कब मुकदमा दर्ज हुआ और सुनवाई की क्या स्थिति है। सुनवाई में क्यों समय लग रहा है, स्पष्ट होना चाहिए। किसी मामले में अनावश्यक रूप से देरी हो रही है, तो लोगों को इसका भी पता चलना चाहिए। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के ये निर्देश एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आए हैं। 14 नवंबर, 2022 की एमिकस क्यूरी की नवीनतम रिपोर्टों में से एक के मुताबिक, वर्तमान व पूर्व सांसदों-विधायकों के खिलाफ 5,175 मामले दर्ज हैं और इनमें से 2,116 आपराधिक मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं। यह बताने की जरूरत नहीं कि नेताओं के खिलाफ मामले घटने के बजाय बढ़ते चले जा रहे हैं। यह कानून के प्रति भय का अभाव है या सेवा में ईमानदारी का टोटा, स्वयं नेताओं को यह जरूर सोचना चाहिए। अंतत: राजनीति में अपराध में होने वाली वृद्धि स्वयं नेताओं पर सर्वाधिक भारी पड़ने वाली है। बुनियादी रूप से गांव या कस्बों में जिस तरह की राजनीति होती है, उसी के लक्षण प्रदेश या देश स्तरीय राजनीति में उभरते हैं। मतलब, राजनीतिक सुधार के लिए बिल्कुल जमीनी स्तर पर रोकथाम और त्वरित न्याय के उपाय करने पड़ेंगे, ताकि कोई दागदार नेता कभी विधानसभा या संसद में न रहे।

> “ अनेक मामलों में इतनी देरी हो जाती है कि सुनवाई और फैसले का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है। अनेक मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप के अभाव में शिकायत की फाइलें भी आलमारियों में खो जाती हैं। अगर न्यायाधीश सांसदों और विधायकों के मामलों का स्वत: संज्ञान लेने लगेंगे, तो वाकई देश में न्याय वितरण में यथोचित तेजी आएगी।

## सरकार का आटा बेचना

आर्थिक नीतियों पर बात करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो खास कथन रहा है। एक तो यह कि सरकार को कारोबार में नहीं रहना चाहिए और दूसरा यह कि वे लोगों को खैरात पर निर्भर रखने के बजाय उन्हें आत्म-निर्भर बनाना चाहते हैं। अब चूंकि मोदी को केंद्र की सत्ता में आए साढ़े नौ साल हो चुके हैं, इसलिए जब कभी उनकी सरकार इस सोच के खिलाफ काम करती दिखती है, तो उचित ही है कि उस पर सवाल उठाए जाते हैं। ऐसे ही प्रश्न सरकार के आटा बेचने के फैसले से उठे हैं। केंद्र ने नाफेड के जरिए कम दाम पर आटा बेचने की शुरुआत कुछ महीने पहले की थी। उस समय 'भारत आटा' नाम की योजना प्रायोगिक पहल रूप में शुरू की गई थी। अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर दिया गया है। यह आटा केंद्रीय भंडार, नाफेड और एनसीसीएफ के केंद्रों और मोबाइल वैनों के जरिए जगह-जगह बेचा जाएगा। धीरे-धीरे इसे सहकारी केंद्रों और खुदरा दुकानों तक भी पहुंचाने की योजना है। प्रायोगिक पहल के समय इसका दाम 29.50 रुपये प्रति किलो था।

अब कीमत दो रुपए और घटा दिया गया है। यानी सरकार इसे 27.50 रु. प्रति किलो की दर से बेचेगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस समय खुले बाजार में आटा औसतत 35.99 प्रति किलो के दाम पर बिक रहा है। हालांकि अच्छी क्वालिटी का आटा इससे काफी महंगा है। तो अब सवाल उठा है कि अचानक सरकार को आटा बेचने की बात क्यों सूझी? अनुमान लगाया जा सकता है कि इसकी वजह कुछ महीनों के बाद होने वाला आम चुनाव है। चुनाव में महंगाई एक बड़ा मुद्दा ना बने, इसके लिए सरकार ने एहतियाती कदम उठाए हैँ। इसी के तहत रसोई गैस के सिलिंडर की कीमत में 200 रु. की कटौती की गई थी। देश में खाने-पीने की चीजों के दाम लगातार बढ़े हुए हैं। सितंबर में कुल मिलाकर खुदरा मुद्रास्फीति 5.02 प्रतिशत थी। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति की दर 6.56 थी। तो अब सरकार ने एफसीआई के गोदामों से ढाई लाख मिट्रिक टन गेहूं अलग कर यह योजना शुरू की है। अब नजरें इसके असर को देखने पर टिकी हैं।

## राहुल-वरुण की मुलाकात के मायने

क्या सचमुच केदारनाथ धाम में राहुल गांधी और उनके चचेरे भाई वरुण गांधी की मुलाकात संयोग थी? कई लोग बता रहे हैं कि यह संयोग था। अगर यह संयोग था तो कहा जा सकता है कि पूरी कायनात ने बहुत मेहनत करके यह संयोग निर्मित किया। राहुल गांधी तीन दिन से केदारनाथ में थे और उनकी तस्वीरें व खबरें लगातार सामने आ रही थी। आमतौर पर लोग केदारनाथ के दर्शन करके उसी दिन लौट आते हैं। लेकिन राहुल रूके रहे। उनकी यात्रा के तीसरे दिन वरुण गांधी अपनी पत्नी और बेटी के साथ भगवान केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे। खबरों के मुताबिक उनके पहुंचने की जानकारी मिली तो राहुल उनसे मिलने गए और करीब 45 मिनट तक दोनों के बीच बातचीत हुई। अब सवाल है कि इस संयोग के क्या मायने हैं? क्या दोनों भाइयों के बीच मौसम, खेलकूद, खानपान और परिवार की बातें हुईं या राजनीतिक बातचीत भी हुई? कुछ समय पहले राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी और वरुण की विचारधारा अलग अलग है। राहुल ने कहा था कि वे किसी हाल में आरएसएस के साथ नहीं जा सकते हैं। लेकिन उसके बाद से स्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब वरुण गांधी भी आरएसएस के साथ नहीं हैं। वे अपनी पार्टी के भाजपा के खिलाफ स्टैंड लेकर खड़े हैं। वे राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। चाहे जिस राजनीतिक मजबूरी में हो लेकिन उनकी विचारधारा बदली हुई दिख रही है। तभी सवाल है कि क्या विचारधारा का यह बदलाव उनको राहुल और कांग्रेस के करीब ले आएगा? कई लोग मानते हैं कि मेनका गांधी नहीं चाहती हैं इसलिए अभी तक परिवार की एकजुटता नहीं बनी है। लेकिन अब राजनीतिक रूप से वरुण के लिए जरूरी है कि वे अपने को कहीं स्थापित करें।

> “ विश्व स्तर पर अगर देखें, तो अभी इजरायल को यूरोप और अमेरिका की सभी प्रमुख शक्तियों के साथ-साथ भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का भी समर्थन मिला हुआ है। मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे अधिकांश अरब देश हमास व 7 अक्टूबर को इजरायली पर हुए आतंकी हमले का समर्थन नहीं करते हैं।

# इजरायलियों को जंग पर कितना यकीन

खिंवराज जांगिड़, विशेषज्ञ, इजरायल मामले

इजरायल के लोग वर्ष 2023 के बचे हुए समय में संकट से उबरने की उम्मीद लगाए हुए हैं। एक ऐसा वर्ष बीत रहा है, जब इजरायल ने सबसे खराब घरेलू संकट के साथ ही बाहर से आए खतरों का भी सामना किया है। अव्वल तो इजरायलियों को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कट्टरपंथी-दक्षिणपंथी सरकार से जुड़े घरेलू सियासी संकट का सामना करना पड़ा। इस सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थानों, विधायिका और न्यायपालिका के बीच शक्ति संतुलन को खतरे में डालने वाले जटिल न्यायिक सुधारों को आगे बढ़ाया। नेतन्याहू चाहते हैं कि इजरायल के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के चयन सहित सभी शक्तियां राजनेताओं के हाथों में आ जाएं। ध्यान रहे, इजरायल में जनवरी 2023 से लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर हफ्ते हजारों लोग सड़क पर उतरकर सरकार का विरोध कर रहे थे। कई लोकतांत्रिक-उदारवादी इजरायलियों के लिए धार्मिक अति-राष्ट्रवादी सरकार का प्रतिरोध अहम मुद्दा है। ये उदारवादी सबके लिए ऐसे लोकतांत्रिक राज्य की रक्षा करना चाहते हैं, जहां यहूदी, अरब, धार्मिक, धर्मनिरपेक्ष, उदारवादी, रूढ़िवादी, समलैंगिक, महिलाएं इत्यादि, सब रहते हों। ये लोग नहीं चाहते थे कि कोई सरकार राज्य के मूल स्वभाव को लोकतांत्रिक राज्य से अधिक धार्मिक और सत्तावादी राज्य में बदल दे।

इस साल बहुत बड़ी दुखद घटना 7 अक्टूबर को हुई, जब इस्लामी आंदोलन और सशस्त्र समूह हमास ने एक धार्मिक यहूदी त्योहार के दिन सुबह हमला कर दिया। हमास के 3,000 से अधिक आतंकी हथियारों से लैस होकर आए और इजरायल के दक्षिणी हिस्से में शिशुओं, बच्चों, महिलाओं, वृद्धों और यहां तक कि विदेशी मजदूरों को भी मार डाला। आतंकियों ने अपनी हिंसा के कई रील और वीडियो बनाए, जिन्हें बाद में आतंक फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने 240 से अधिक लोगों को पकड़ लिया और बंधक बनाकर गाजा ले गए, जिनमें बच्चे, किशोर, महिलाएं, पुरुष, वरिष्ठ नागरिक और विदेशी श्रमिक भी शामिल थे। उदाहरण के लिए, थाईलैंड के 25 कृषि श्रमिक गाजा में बंदी हैं। ऐसे बर्बर हमले के बाद इजरायली सेना ने एक महीने से हमास के खिलाफ पूरी ताकत झोंक रखी है। इस युद्ध में गाजा के नागरिकों को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। अब तक 10,000 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं, जिनमें से आधे बच्चे हैं और लगभग 15 लाख बेघर हो गए हैं। गाजा पर गंभीर संकट है और लोगों के पास पर्याप्त भोजन, आश्रय, यहां तक कि दवाएं भी नहीं हैं।

पश्चिम एशिया में युद्धविराम के लिए कड़ा अंतरराष्ट्रीय दबाव है, पर इजरायल तब तक युद्धविराम से इनकार करता रहेगा, जब तक हमास बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करने पर सहमत नहीं हो जाता। हमास के पास बंधकों को रिहा करने का विकल्प है, पर वह सिर्फ युद्धविराम के लिए उन्हें वापस नहीं करना चाहता। वह यह भी मांग कर रहा है कि इजरायल सभी कैदियों को जेलों से रिहा करे। कई कैदी ऐसे भी हैं, जो इजरायलियों के खिलाफ गंभीर आतंकवादी गतिविधियों के चलते जेलों में कैद हैं। इस मांग को पूरा करना इजरायल के लिए बहुत मुश्किल है।



विश्व स्तर पर अगर देखें, तो अभी इजरायल को यूरोप और अमेरिका की सभी प्रमुख शक्तियों के साथ-साथ भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का भी समर्थन मिला हुआ है। मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे अधिकांश अरब देश हमास व 7 अक्टूबर को इजरायली पर हुए आतंकी हमले का समर्थन नहीं करते हैं। फिर भी गाजा के लोगों के पक्ष में धीरे-धीरे बढ़ते जनमत के साथ ये अरब देश इजरायल के प्रति आने वाले हफ्तों में ज्यादा तल्ख हो सकते हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के खिलाफ बेहद आक्रामक बयान देते रहे हैं और गाजा से उसे पूरी तरह से खत्म करने की मांग भी करते रहे हैं। वह और उनके मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य 7 अक्टूबर की त्रासदी को उसी तरह देखते हैं, जिस तरह अमेरिका 2001 के 9/11 हमले को देखता है। नेतन्याहू को लगता है कि विश्व नेता लंबे समय तक उनका समर्थन करते रहेंगे, पर ऐसा नहीं होगा, क्योंकि इजरायल के साथ-साथ अमेरिका में भी उनके युद्ध की विश्वसनीयता बहुत कम है। वैसे, अमेरिका अभी भी इजरायल का सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी है और हथियारों व धन से मदद कर रहा है। यह भी गौर करने की बात है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पूरे साल नेतन्याहू के प्रति बहुत आलोचनात्मक रहे हैं, जब ज्यादातर इजरायलियों ने भी उनकी सरकार का विरोध किया है। बाइडन ने नेतन्याहू को दस महीने तक व्हाइट हाउस में नहीं बुलाया। साथ ही, बाइडन को यह कहने में कोई संकोच नहीं रहा है कि इजरायल को एक मजबूत लोकतंत्र बने रहने और फिलिस्तीनियों के साथ दो-देशीय समाधान का सम्मान करने की जरूरत है।

इजरायल में सुरक्षा प्रतिष्ठान, जिसमें रक्षा मंत्री और उनके द्वारा नियुक्त अन्य खुफिया प्रमुख शामिल हैं, पिछले दस महीनों से उन्हें चेतावनी दे रहे हैं कि उनकी सरकार की नीतियां इजरायलियों को बांट रही हैं। एक राष्ट्र के रूप में इजरायल की युद्ध तैयारियों और एकता को कमजोर करने में नेतन्याहू के एकतरफा राजनीतिक और न्यायिक सुधारों का भी हाथ है, जिसने सैनिकों, पायलटों और खुफिया एजेंसियों के बीच गहरा अविश्वास भी पैदा किया है। यही वजह है कि त्रासदी के एक महीने बाद इजरायली अपने प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं और लोगों की रक्षा करने में नाकाम रहने पर उनका इस्तीफा भी मांग रहे हैं। उन्हें नहीं लगता कि रक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। हमास के हमले के बाद इजरायल के लोग एकजुट हैं, पर वह अपने प्रधानमंत्री के पीछे नहीं, बल्कि सेना और रक्षा मंत्री के साथ खड़े हैं।

बहरहाल, गाजा में इजरायली सेना का अभियान लंबे समय तक जारी रहा, तो युद्ध के नाम पर सत्ता में बने रहना नेतन्याहू को सुविधाजनक लग सकता है। बंधकों की जल्द रिहाई की कोई उम्मीद नजर नहीं आने से भी इजरायलियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। युद्धविराम की बढ़ती वैश्विक मांग के चलते अमेरिका उसे बिना शर्त सैन्य और राजनीतिक समर्थन भी नहीं देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर पहले से ही जोर देते रहे हैं कि इस युद्ध के बाद दो-राज्य या दो-देशीय आधार पर राजनीतिक समाधान निकलना चाहिए।

**( लेखक इजराइल के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में विजिटिंग फैकल्टी हैं, ये उनके अपने विचार हैं )**


# नई बनाम पुरानी पेंशन विवाद को जल्दी सुलझाना चाहिए

अजीत रानाडे, अर्थशास्त्री

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का बचाव बनाम पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की मांग को लेकर सियासी तलवार खींची हुई है, जिसका श्रेय हालिया विधानसभा चुनावों को जाता है। ओपीएस के वादे के लिए जिसे जिम्मेदार माना जा रहा है, वह है 2022 में हिमाचल प्रदेश चुनावों में कांग्रेस को मिली जीत। नई सरकार ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अपना यह वादा पूरा किया। मगर कांग्रेस को मिली उस जीत का एकमात्र श्रेय ओपीएस को देना सही नहीं है।

गौर करने की बात है, नई पेंशन योजना की शुरुआत 1 जनवरी, 2004 को हुई थी, तब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में थी। क्या नई पेंशन योजना के कारण ही उस आम चुनाव में राजग को हार मिली थी? मैं ऐसा नहीं मानता, क्योंकि चुनावी नतीजे भावनात्मक मुद्दों से कहीं अधिक प्रभावित होते हैं। अभी पुरानी पेंशन को 'जन-समर्थक' और नई पेंशन को 'जन-विरोधी' बताकर जनता का मूड बदलने का प्रयास हो रहा है। पुरानी पेंशन की वापसी होती है, तो यह राजकोष पर भारी पड़ेगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि नई पेंशन को लेकर जो मसले सामने आए हैं, उनसे निपटने के लिए योजना में बदलाव न किए जाएं, या राजनीतिक हल के रूप में पुरानी और नई पेंशन की मिली-जुली व्यवस्था लागू न की जाए।

हालांकि, आंध्र प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का मूल्यांकन किया है, जिससे पता चलता है कि केवल सात वर्षों में राज्य का सारा राजस्व वेतन और पेंशन में खत्म हो जाएगा। यह गणना कमोबेश सभी राज्यों पर लागू होती है। 1990-91 में पेंशन पर अपनी हिस्सेदारी के रूप में राज्यों को अपने राजस्व का 7.9 प्रतिशत हिस्सा खर्च करना पड़ता था, जो 2020-21 में बढ़कर 27.4 प्रतिशत हो गया। जबकि, पुरानी और नई, दोनों पेंशन योजनाएं देश के कुल श्रम-बल की बमुश्किल 3.2 प्रतिशत आबादी को लाभ पहुंचाती हैं, मगर सामूहिकता में सरकारी राजस्व पर 18 फीसदी का बोझ डालती हैं। वैसे, विकसित देशों में सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान कमोबेश सभी पर समान लागू है और उस पर सरकारों को बहुत कम राजस्व खर्च करना पड़ता है। अमेरिका में 65 वर्ष से अधिक उम्र का हर व्यक्ति बुनियादी पेंशन पाता है, मगर सरकारी सामाजिक सुरक्षा कोष में सभी कामकाजी लोगों से योगदान लिया जाता है। आकार के हिसाब से, सामाजिक सुरक्षा पर 15 फीसदी सरकारी राजस्व खर्च होता है, पर करीब 94 फीसदी कार्य-बल को इसका लाभ मिलता है। ब्रिटेन में करीब सभी को पेंशन का लाभ मिलता है, जबकि सरकारी राजस्व पर महज 12.6 प्रतिशत का बोझ पड़ता है। क्या ऐसा ही भारत में भी हो सकता है?



फिलहाल देश में मतदाताओं का एक विशाल बहुमत पुरानी पेंशन बनाम नई पेंशन से प्रभावित नहीं है, पर वह पेंशन संबंधी उग्र प्रचार अभियानों से प्रभावित हो सकता है। एक मिसाल हिमाचल प्रदेश है। हिमाचल प्रदेश की जनसांख्यिकी कुछ अलग है, जिसमें लगभग हर घर में कम से कम एक सदस्य सरकार या सशस्त्र बलों के लिए काम करता है। जाहिर है, यह समूह पुरानी पेंशन योजना की राजनीति को तरजीह देता है। फिर भी, चुनाव में जीत की एकमात्र वजह के रूप में इसकी भूमिका संदिग्ध है। कोई शक नहीं, पुरानी पेंशन चाहने वाले लाभार्थियों का छोटा, मगर मुखर और बहुत संगठित समूह बहुत सक्रिय है।

एक और पहलू है कि ऋण भुगतान अनुपात के आधार पर देखें, तो भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अलग है। इसके जीडीपी में ऋण से जीडीपी अनुपात बहुत अधिक है, समग्र ऋण को देखें, तो इस पर सामाजिक सुरक्षा के कारण वस्तुत: कोई बोझ नहीं है। यह कहना सही नहीं है कि हम लोगों को सड़क पर ले आएंगे। चूंकि देश में अधिक युवा पैदा होंगे, तो प्रति-व्यक्ति कर का बोझ भी कम होगा। आने वाले समय में भारतीयों की औसत उम्र तेजी से बढ़ेगी। अभी देश को सभी बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा के व्यापक न्यूनतम कवच के साथ एक पूर्ण वित्त पोषित पेंशन प्रणाली की जरूरत है। ऐसा करने के लिए पहले पुरानी पेंशन के विवाद से जल्दी उबरना पड़ेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# उफ! बिहार की दुर्दशा, सभी जिम्मेवार

अजीत द्विवेदी

बिहार सरकार ने सात नवंबर को विधानमंडल में बिहार की दुर्दशा के दस्तावेज पेश किए। इससे पहले दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर बिहार सरकार ने जाति गणना के आंकड़े जारी किए थे, जिससे पता चला था कि बिहार में 63 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की है, अनुसूचित जाति की आबादी 20 फीसदी और अनुसूचित जनजाति की आबादी एक फीसदी है, जबकि सवर्ण आबादी सिर्फ साढ़े 15 फीसदी है। इसके बाद सात नवंबर को बिहार सरकार ने इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति के आंकड़े पेश किए, जिससे इन सबकी सामूहिक दुर्दशा का पता चला। भारत सरकार का नीति आयोग बिहार में पिछड़ेपन और गरीबी के जो आंकड़े पिछले अनेक साले से पेश करता आ रहा है उन सबकी पुष्टि बिहार में हुए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों से हो गई है। बिहार हर पैमाने पर देश का सबसे गरीब, पिछड़ा और अनपढ़ राज्य है, यह तथ्य स्थापित हुआ है।

बिहार के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला है कि बिहार के 34 फीसदी परिवार की हर स्रोत से सामूहिक आय छह हजार रुपए महीने से कम है। इसका मतलब है कि अगर एक परिवार में पांच व्यक्ति हैं तो प्रति व्यक्ति मासिक आय 12 सौ रुपए यानी 40 रुपए रोज है। इसके बाद जो दूसरी श्रेणी है, जिनकी आय छह से 10 हजार के बीच है उनकी संख्या 29 फीसदी से कुछ ज्यादा है। इस श्रेणी के परिवारों की प्रति व्यक्ति आय दो हजार रुपए महीना यानी प्रतिदिन 70 रुपए से कम है। सोचें, बिहार के तीन में से दो व्यक्ति 70 रुपए रोज से कम आय वाले हैं! जिस बिहार के बारे में यह धारणा बनी है या बनाई गई है कि वहां से बड़ी संख्या में आईएएस-आईपीएस बनते हैं या आईआईटी-आईआईएम में जाते हैं वहां सिर्फ सात फीसदी लोग ग्रेजुएट हैं और महज एक फीसदी लोगों ने पोस्ट ग्रेजुएट तक पढ़ाई की है।

कुल 13 करोड़ की आबादी वाले बिहार में सिर्फ पांच फीसदी लोग नौकरी करते हैं। इसमें सरकारी नौकरी करने वाले शामिल हैं तो साथ ही संगठित और असंगठित निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले भी हैं। बिहार को लेकर यह भी एक मिथक है कि यह कृषि प्रधान प्रदेश है लेकिन सरकार द्वारा पेश किए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला है कि सिर्फ सात फीसदी लोग कृषि कार्य करते हैं और चार फीसदी से कुछ कम लोग स्वरोजगार करते हैं। सबसे ज्यादा 17 फीसदी लोग मजदूरी करते हैं। सरकार ने इसमें 67 फीसदी की एक श्रेणी अलग बनाई है, जिनको गृहिणी और विद्यार्थियों की श्रेणी कहा गया है। इसका मतलब है कि इतने लोग कोई काम नहीं करते हैं। सोचें, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण के दावों के बारे में! महिलाओं के लिए कितना कुछ करने के दावे किए जाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि आधी आबादी का बड़ा हिस्सा गृहिणी है, जिसका मतलब यह है कि आय अर्जित करने वाला कोई काम उनके पास नहीं है। सवाल है कि जब आधी आबादी के पास कोई काम नहीं होगा तो कोई भी राज्य या देश कैसे प्रगति कर सकता है?




बिहार की यह बदहाली सभी जातियों की सामूहिक बदहाली है। ऐसा नहीं है कि अगड़ी जातियां इस बदहाली से बाहर हैं। बिहार में हिंदू सवर्णों की चार और मुस्लिम सवर्णों की तीन जातियां हैं। इन सात जातियों में सबसे ज्यादा गरीब भूमिहार हैं। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक करीब 28 फीसदी भूमिहार परिवारों की मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। इसके बाद राजपूत, ब्राह्मण, शेख, सैयद और पठान आते हैं। सवर्णों में सबसे बेहतर स्थिति कायस्थों की है। कुल मिला कर 25 फीसदी सवर्ण परिवार छह हजार रुपए की मासिक आय वाली श्रेणी में हैं, जबकि 34 फीसदी पिछड़ी आबादी इस श्रेणी में आती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की स्थिति सबसे खराब है, जिनमें 42 फीसदी से ज्यादा परिवार छह हजार रुपए आय वाली श्रेणी में है। ज्यादातर लोग कच्चे या खपरैल के मकानों में रहते हैं और महज पांच फीसदी आबादी के पास ही किसी तरह का मोटराइज्ड वाहन है।

बिहार और उसके 13 करोड़ लोगों की बदहाली का यह आंकड़ा पेश करने के बाद बिहार सरकार ने जो कथित मास्टरस्ट्रोक चला है वह आरक्षण की सीमा बढ़ाने का है। सोचें, जो काम आरक्षण की 60 फीसदी की सीमा में नहीं हुआ क्या वह 75 फीसदी कर देने से हो जाएगा? जाहिर है यह वोट लेने के लिए लोगों को मूर्ख बनाने का एक दांव है। सो, अब बड़ा सवाल है कि बिहार की इस बदहाली के लिए जिम्मेदार कौन है? इस सवाल का जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। बिहार की इस दुर्दशा में सभी पार्टियां समान रूप से शामिल हैं। बिहार में पिछले 33 साल से या तो लालू प्रसाद की पार्टी राजद का मुख्यमंत्री रहा या नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का मुख्यमंत्री रहा। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे तो तेजस्वी यादव दो बार में तीन साल उप मुख्यमंत्री रहे हैं। नीतीश कुमार 17 साल मुख्यमंत्री रह चुके। एक साल से कुछ कम समय के लिए उन्होंने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। नीतीश के साथ करीब 13 साल तक भाजपा भी सरकार में रही और पहले सुशील मोदी फिर बाद में तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी उप मुख्यमंत्री रहे। अलग अलग समय में कांग्रेस भी आठ साल तक राजद और जदयू के साथ सरकार में रही है। सो, दोनों बड़ी प्रादेशिक पार्टियां और दोनों राष्ट्रीय पार्टियां लगभग समान रूप से बिहार की इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं।

यह बिहार का दुर्भाग्य है, जो किसी भी सरकार या मुख्यमंत्री ने विकास की दृष्टि नहीं दिखाई। सबने उतना ही काम किया, जितना सरकारी फंड खर्च करने के लिए जरूरी था। बिहार के दोनों नेताओं, लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का रोना रहा है कि बिहार लैंड लॉक्ड स्टेट है यानी समुद्र और बंदरगाह नहीं है और झारखंड अलग होने के बाद कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है। इस कमी के बावजूद औद्योगिक विकास हो सकता था और रोजगार का सृजन संभव था। आईटी और आईटी आधारित सेवाओं का कारोबार जब फला-फूला तब बिहार में उस दिशा में काम हो सकता था। आज दुनिया भर के कपड़े बांग्लादेश में सिल रहे हैं क्या वह काम बिहार में नहीं हो सकता था? बिहार एक समय छोटे और बड़े उद्योगों का केंद्र रहा था। बरौनी रिफाइनरी से लेकर सिंदरी के खाद कारखाने और बोकारो से लेकर जमशेदपुर तक स्टील की फैक्टरियां चलती थीं। हर जिले में एक या उससे ज्यादा चीनी मिल था। इनमें कोई नई चीज जोड़ना तो छोड़ दिए इन्हें भी चलाए रखना मुश्किल हो गया। इसके लिए जिस दृष्टि की जरूरत थी वह किसी नेता के पास नहीं है या उसने उसका इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं समझी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिले में बायोमेट्रिक्स से धान खरीदी प्रारंभ

**गरियाबंद।** जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी करने हेतु बायोमेट्रिक्स डिवाइस एवम् आयरिस डिवाइस पहुंच गए है। विगत् दिनों जिले के सभी 90 उपार्जन केन्द्रों के कर्मचारियों को विधिवत् इसका प्रशिक्षण दिया गया है। गरियाबंद जिले के ग्राम सोहागपुर उपार्जन केन्द्र के 14 कृषकों के बायोमेट्रिक्स से कुल 576.80 क्विं. धान खरीदी की गई। जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि सोहागपुर उपार्जन केन्द्र में धान बिक्री के लिए आए संतोष कुमार ग्राम हरदी के कृषक ने डिवाइस के माध्यम से खरीदी को अच्छा बताया एवम गोपाल यादव ग्राम हरदी ने इस तरीके से खरीदी को कृषकों के लिए लाभ प्रद बताया।जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने जानकारी दी कि आगामी कार्य दिवसों में जिले के सभी 90 उपार्जन केन्द्रों के कृषक बायोमेट्रिक्स के आधार पर ही धान विक्रय कर पाएंगे। साथ ही किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर ट्रस्टेड पर्सन का विकल्प मौजूद रहेगा। खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि जिले में धान खरीदी कार्य प्रगति पर है इसमे कृषकों के बायोमेट्रिक से बिकी लागू होने से धान खरीदी में पारदर्शिता आवेगी। साथ ही कृषकों के पहचान में आसानी रहेगी। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी जारी है।8 नवम्बर तक जिले में कुल 5,796 कृषको ने 1,69,358 क्विं. धान विक्रय कर लिया है।

### सामान्य प्रेक्षक ने सी-विजिल, एमसीएमसी, व्यय लेखा कक्ष का किया निरीक्षण

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस अंजू चौधरी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में स्थापित सी-विजिल, एमसीएमसी कक्ष, व्यय लेखा कक्ष एवं कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की मौजूदगी में निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विकसित सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर छिकारा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आचार संहिता अनुपालन की निगरानी और शिकायतों के निराकरण के लिए बनाए गए सी- विजिल एप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक सु चौधरी ने सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर छिकारा ने बताया कि सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य प्राप्त शिकायतों का टाइम लिमिट में निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए उडन्दस्ता दलों का गठन किया गया है। सी विजिल ऐप में शिकायतें प्राप्त होने पर कमांड सेंटर द्वारा उडन्दस्ता टीम को अलर्ट किया जाता है। इसी प्रकार संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 71 में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक,सोशल मीडिया और एफ़एम आकाशवाणी अनुवीक्षण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चौनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा,परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया।

# तांदुला जलाशय के तट पर भव्य एवं वृहद मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। जिले के प्रसिद्ध तांदुला जलाशय का तट आज मतदाता जागरूकता अभियान से सराबोर रहा। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु आज तांदुला इको टुरिज्म पार्क एवं तांदुला जलाशलय के तट पर भव्य एवं वृहद मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिससे पूरा माहौल मतदाता जागरूकता अभियानमय हो गया था।**




इस अवसर पर अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में पौधा रोपण कर एवं आसमान में 17 नवंबर को मताधिकार के प्रयोग की अपील से संबंधित गुब्बारा छोड़कर तथा तांदुला जलाशय में दीपक प्रज्ज्वलित कर जल, थल एवं नभ में मतदाता जागरूकता देने का प्रयास किया। इस अवसर पर पद्म शमशाद बेगम एवं डोमार सिंह कुंवर, सामान्य प्रेक्षक केशवेंद्र कुमार, व्यय प्रेक्षक कांत रेड्डी वाय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी डॉ. रेणुका वास्तव एवं अन्य अधिकारियों के अलावा गणमान्य जन एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले के मतदान ब्रांड अम्बेसडर पद्म डोमार सिंह कुंवर ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए जिले के सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन की मतदान तिथि 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति के माध्यम से जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मतदान ब्रांड अम्बेसडर पद्म शमशाद बेगम ने भी सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत गाकर आम लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सामान्य प्रेक्षक केशवेंद्र कुमार ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता में निहित होती है। देश के आम नागरिक अपने मताधिकार के माध्यम से सरकारों का निर्वाचन कर उसे शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने बालोद जिले के सभी मतदाताओं को मतदान तिथि 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान का अनुपम उदाहरण पेश करने को कहा। कुमार ने पिछले आम निर्वाचन में बालोद जिले में हुए 82 प्रतिशत मतदान की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने उसे बढ़ाकर आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत करने की भी अपील की। प्रेक्षक केशवेंद्र कुमार ने छत्तीसगढ़ी बोली में बालोद जिला ये संकल्प करे 17 नवंबर को सब्बो झन करबो मतदान का नारा बोलकर जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक कांत रेड्डी वाय ने उपस्थित लोगों को मताधिकार के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को सशक्त एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। रेड्डी बालोद जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की सराहना भी की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने इस मतादाता जागरूकता अभियान में जिले के दोनों पद्म शमशाद बेगम एवं डोमार सिंह कुंवर की महत्वपूर्ण उपस्थिति की सराहना की। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार को आम जनता के लिए सबसे बड़ा अस्त्र बताते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बालोद जिले के आम नागरिकों एवं सभी मतदाताओं को मतदान की तिथि 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

# मोदी की गारंटी की नहीं है कोई गारंटी- बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरायपाली/रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के मोदी की गारंटी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी ने काला धन वापस लाने, युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देने, किसानों की आय दोगुनी करने, महंगाई कम करने समेत कई वादे किये थे जो आज तक पूरे नहीं हुए है। उन्होंने कहा कि जो 9 सालों में अपने वादों को पूरा नहीं कर पाया उसके गारंटी की कोई गारंटी नहीं है।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कांग्रेस की घोषणा पत्र के आधार पर उपस्थित जनता को फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रथम चरण में 20 सीटों पर हुए मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि पहले चरण में शानदार मतदान हुआ है। जिस तरह की सूचना हमारे पास आ रही है वो बेहद ही उत्साहजनक है। 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है, एक सीट पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह का बचा है इस बार वो भी चुनाव हार रहे है। उन्होंने पूर्व सीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा वे बुरी तरह से चुनाव हार रहे है, डॉ रमन सिंह का डब्बा गोल हो गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा में अपने भाषण में भाजपा सरकार के पिछले 15 साल के कुशासन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 15 साल के कार्यकाल में जमकर घोटाले किये और आम जनता को ठगने का काम किया। भाजपा ने 2100 समर्थन मूल्य और बोनस देने का वादा करके मुकर गए, उन्होंने महिलाओं को भी नहीं छोड़ा और उन्हें भी 15 साल ठगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सरकार के दौरान पिछले 5 साल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हमने किसानों से वादा निभाते हुए कर्जमाफ़ी की, हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों से 4 हजार प्रति मानक बोरा की दर पर खरीदी की। हमने बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा देने स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू किये जिससे हर वर्ग के बच्चों को मुफ़्त शिक्षा मिल रही है। आमसभा में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस की घोषणाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फिर से कांग्रेस की सरकार आते ही हम किसानों की कर्जमाफ़ी करेंगे। हम छत्तीसगढ़ के बच्चों को मुफ़्त शिक्षा की सौगात देने जा रहे है। हमारी सरकार आने पर हम 17.50 लाख परिवारों को पक्का मकान देंगे। उन्होंने 6 हजार रुपये प्रति मानक तेंदूपत्ता की खरीदी, महिलाओं की कर्जमाफ़ी समेत अन्य घोषणाओं के आधार पर आम जनता से वोट मांगा और कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने भरदाकला एवं अर्जुनी टिकरी में किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भरदाकला एवं अर्जुनी टिकरी में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।**

कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों से मतदान केंद्रों में किए जा रहे आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला भरदाकला के मतदान केंद्र में पहुँचकर किए जा रहे व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित तहसीलदार प्रीतम साहू ने बताया कि प्राथमिक शाला भरदाकला में मतदान केंद्र क्रमांक 100 एवं 101 सहित कुल दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस दौरान शर्मा ने प्रधान पाठक से स्कूल एवं मतदान केंद्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला के अध्ययन कक्ष में पहुँचकर विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा पांचवी के बच्चों से उनके पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न भी पुछे। कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी देविका एवं रेहान खान ने कलेक्टर शर्मा के प्रश्नों का सही-सही उत्तर दिया। इस पर प्रसन्न होकर कलेक्टर शर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाए दी।

# मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है।




इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के सहयोग से जोन कमिश्नर श्री लोकेश चंद्रवंशी की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत शंकर नगर क्षेत्र में मून लाईट स्कूल के विद्यार्थी बच्चों ने क्षेत्र रहवासी मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से जागरूक बनाने शंकर नगर, न्यू शान्ति नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।विद्यार्थी बच्चों ने मतदाता जागरूकता हेतु सकारात्मक स्लोगन हाथ में लेकर रहवासी मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक बनाया। वहीं जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शंकर नगर एवं न्यू शान्ति नगर क्षेत्र के रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली। रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

# अमित शाह के रोड शो से भाजपामय हुआ रायगढ़
## छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा, भाजपा की सरकार आवत हे - शाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार शाम 6 बजे भाजपा के रायगढ़ प्रत्याशी ओपी चौधरी के समर्थन में रोड शो के लिए रायगढ़ पहुंचे। रोड शो से पहले अपने उद्बोधन में उन्होंने लोगों से 2024 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।



श्री शाह ने कहा कि ओपी चौधरी जब इस्तीफा सौंपने आए थे तो मैं पार्टी का अध्यक्ष था। मैंने उन्हें समझाया था कि नौकरी से इस्तीफा मत दो लेकिन ओपी चौधरी ने राजनीति में जाकर लोगों की सेवा करने की ठानी। आप ओपी चौधरी को आशीर्वाद दें। ओपी चौधरी को आपका बड़ा सेवक बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह का रोड शो टाउन हॉल के पास से शुरू हुआ। रोड शो के दौरान सुभाष चौक, गददी चौक, हटरी चौक, कोतरा रोड थाना, हन्डी चौक, होते हुए सती गुड़ी चौक तक रास्ते भर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करने के लिए दोनों ओर बड़ी संख्या में जनसमूह एकत्र रहा। रास्ते भर हर चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता ने पुष्पवर्षा कर श्री शाह का स्वागत किया।

रोड शो के दौरान पूरा रायगढ़ शहर भाजपामय हो गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सुबह से शाम तक कई जनसभाओं और रथ सभाओं को संबोधित किया। इसके बाद शाम को रायगढ़ में आयोजित रोड शो में शामिल होने श्री शाह रायगढ़ पहुंचे और उन्होंने रायगढ़ की जनता का दिल जीत लिया। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी की हर गारंटी पूरी होगी इसका पूरे छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ की जनता को पक्का भरोसा है और आज यहां रोड शो में जिस तरह से पूरा रायगढ़ सड़क पर उतरा है वह इसकी पूरा गारंटी दे रहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी अंचलों में कमल खिलने के साथ-साथ रायगढ़ अंचल में कमल खिल रहा है और भाजपा की सरकार बन रही है। आज यह सुनिश्चित हो गया कि अब छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार जाने वाली है और भाजपा की ईमानदार सरकार आने वाली है।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

**खास खबर...**



## पदोन्नति मामले में कोर्ट से शिक्षकों को मिली राहत, लेकिन पदभार ग्रहण पर संशय में शिक्षा विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शिक्षक पदोन्नति मामले में कोर्ट की तरफ से शिक्षकों को राहत मिली है। उन्हें पुराने स्कूल में पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग अभी भी संशय में है कि उन्हें पदोन्नति के बाद मिले स्कूल में पदभार ग्रहण करवाएं या संशोधन के बाद मिले स्कूल पर। शिक्षा विभाग न्यायालय के आदेश पर रायशुमारी के लिए महाअधिवक्ता को पत्र लिखा है।

न्यायालय ने छात्रों के हितों को देखते हुए शिक्षकों को पदभार ग्रहण करने का निर्णय दिया है। प्रदेशभर में लगभग तीन हजार शिक्षक चार सितंबर से कार्यमुक्त हैं। स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जब से शिक्षक कार्यमुक्त हुए हैं, तब से यानी दो महीने से उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है।

पदभार ग्रहण करने के बाद ही शिक्षकों को वेतन मिलेगा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के जिला अध्यक्ष हेमकुमार साहू ने बताया कि कोर्ट की तरफसे शिक्षकों को राहत दी गई है। हमने तीन महीने तक जिस स्कूल में पढ़ाया है, वही हमारा पूर्व स्कूल होना चाहिए। लेकिन विभाग अभी भी भ्रम की स्थिति में है। पूर्व स्कूल काउंसिलिंग वाला माने या संशोधन वाला।

### *यह है विवादित मामला*

शिक्षा विभाग की तरफ से सहायक शिक्षकों को शिक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। विभाग ने पदोन्नत शिक्षकों को काउंसिलिंग के माध्यम से स्कूल आवंटित किया। इसमें कई शिक्षकों को ढाई से तीन सौ किलोमीटर दूर स्कूल मिला। शिक्षकों ने अपने बीमारी, पारिवारिक समस्या बताकर काउंसिलिंग में मिले संबंधित स्कूल में पदभार ग्रहण नहीं किया। इसके बाद संशोधन करवाकर नजदीक खाली स्कूल आवंटित करवाकर पदभार ग्रहण कर लिया। जून, जुलाई और अगस्त तीन महीने तक स्कूलों में पढ़ाया भी। इसके बाद संशोधन में हुई गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने संशोधन को निरस्त कर काउंसिलिंग में मिले स्कूल पर पदभार ग्रहण करने का आदेश निकाला। शिक्षकों ने विभाग के आदेश को कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट की सुनवाई करने से पहले विभाग ने काउंसिलिंग वाले शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया। कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, तब से अभी तक प्रदेश के तीन हजार शिक्षक कार्यमुक्त हैं।

## भाजपा अब नयी स्कीम के साथ छलने की तैयारी में: विकास उपाध्याय

**रायपुर ( ए )।** जनवंदन यात्रा में गुरुवार को विकास उपाध्याय उपाध्याय सरदार वल्लभ भाई पटेल पहुंचे। यहां माताओं-बहनों ने आरती उतारकर उन्हें शगुन भेंट किया। आगे बढ़ते ही एक परिवार ने उन्हें रोका और छोटी बच्ची के हाथ से शगुन का पैसा दिलवाया। यात्रा में डूमर तालाब पहुंचे तो लोगों ने उन्हें घेर लिया और रैली की शक्ल में पूरे क्षेत्र का उनके साथ दौरा किया। विकास उपाध्याय ने वहां जैतखंभ में पूजा-अर्चना भी की। इसके बाद वे टाटीबंध में व्यापारियों से मिलने पहुंचे और उनसे विस्तृत चर्चा करके सहयोग मांगा। उन्होंने सेक्टर-01 उदया सोसायटी में लोगों की बैठक लेकर अपनी बात रखी। विकास उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार में पन्द्रह साल तक तिमाही रोड टैक्स में कई बार 10 फिसदी की बढ़ोतरी की गई। साथ ही जब एक निजी न्यूज चैनल ने बैरियर में अवैध वसूली का मामला उठाया तो मंत्री ने वसूली बंद न करके बैरियर पर ही ताला लगवा दिया, लेकिन उगाही जारी रही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ट्रक को एन्ट्री करने से निकलने तक आरटीओ के अलग-अलग पॉईंट में करीब 10 हजार रूपये खर्च करने पड़ते थे। जब शासन में थे भ्रष्टाचार और वसूली करने वाले अब नयी-नयी स्कीम बताकर फिर छलने का प्रयास कर रहे हैं।

# बीते वर्ष से बढ़ी कीमत फिर भी हर घर में मिट्टी का दीया पहली पसंद

**रायपुर (ए)।** दीपावली पर्व में पांच दिनों तक घर-घर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का दीपक प्रज्ज्वलित करना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि बाजार में मिट्टी के दीये खरीदने के लिए लोग उमड़ पड़े। पिछले साल की अपेक्षा कीमत में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी लोगों की पहली पसंद मिट्टी का दीया ही रहा। डिजाइनर दीपों की अपेक्षा मिट्टी के साधारण दीये ज्यादा बिके धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाजार में डिजाइनर दीयों की अपेक्षा लोगों ने मिट्टी के दीयों को खरीदने में ज्यादा रुचि ली।



आमापारा में खरीदारी करने आए मयूर कुमार ने बताया कि उनके घर में धनतेरस पर कम से कम 13 दीपक प्रज्वलित किया जाता है। इसके बाद रूप चौदस से लेकर भैया दूज तक प्रतिदिन 25 से 50 दीपक मुख्य द्वार से लेकर छत तक जलाते हैं। भले ही आकर्षक विद्युत साज-सज्जा क्यों ना हो। मिट्टी का दीपक जलाने की परंपरा दादा, परदादा के जमाने से चली आ रही है।

एक और ग्राहक गोविंद शर्मा ने बताया कि वे अपनी दुकान, घर के अलावा मंदिरों में भी दीप दान करने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। वे 200 दीयों की खरीदारी करते हैं। घर के द्वार के अलावा रसोईघर, बाथरूम में भी दीया प्रज्वलित करके अवश्य रखते हैं।

### 20 से 25 हजार की कमाई

दीया विक्रेता रामचरण प्रजापति ने बताया कि उनके परिवार के पांच सदस्य एक महीना पहले से ही दीयों को बनाने में जुट जाते हैं। दीपावली के सीजन में वे 20-25 हजार रुपये की कमाई कर लेते हैं। प्रत्येक कुम्हार इतने रुपये कमा ही लेता है। इसके लिए पूरे परिवार को जुटना पड़ता है। घर-घर में प्रज्वलित किए जाने वाले परंपरागत साधारण मिट्टी के दीयों से लेकर डिजाइनर दीयों को भी पसंद किया जा रहा है।

### कई आकृति वाले दीये लुभा रहे

जीई रोड में साइंस कालेज, कालीबाड़ी तिराहा, गांधी उद्यान के समीप फुटपाथ पर राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश से कुछ लोग डिजाइनर दीये लेकर आए हैं। उच्च वर्ग के लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं, इनकी कीमत प्रति दीए 10 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। डिजाइनर दीयों में कमल फूल, गुलाब फूल, भगवान गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, स्वास्तिक, ओम की आकृति वाले दीये ग्राहकों को लुभा रहे हैं।

**एक थाल में 51 से अधिक दीयेः-** महाआरती के लिए कई स्टैंड वाले दीये, लालटेन की आकृति का दीया और दीवार पर लटकने वाले अनेक खूबसूरत दीयों से दुकानें सजी हैं। सबसे आकर्षक दीये की कीमत 250 से 300 रुपये है, जो मिट्टी की बड़ी थाल में एक साथ 51 या 101 दीये रखकर बनाए गए हैं। आम लोग पारंपरिक दीये ही पसंद करते हैं, लेकिन उच्च वर्ग के लोगों में डिजाइनर दीयों की मांग है। खासकर टेराकोटा का दीया विशेष रूप से पसंद किया जा रहा है।

## जिसके पास विनय नहीं उसके पास भक्ति नहीं: प्रवर प्रवीण ऋषि



**रायपुर ( ए )।** उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि तप के बिना कोई शुद्ध नहीं होता। परमात्मा कहते हैं कि जिसके करने से पाप समाप्त हो जाए उसे तप कहते हैं। जैसे आग ईंधन को राख कर देती है, वैसे ही अनादिकाल के पाप संस्कारों को जो नष्ट कर दे, वह तप है। लेकिन ऐसा तप जीवन में कैसे संभव हो सकता है? क्या किसी से लेना भी तप हो सकता है? अगर तरीका सही है तो लेना भी तप हो जाता है। इसलिए गोचरी भी तप हो जाती है। तपस्या में देने को नहीं लेने को गिना गया है। तप के क्या सूत्र हैं, क्या साधना है, सुधर्म स्वामी ने उत्तराध्ययन सूत्र के तीसवें अध्याय तवमग्गगई में बताया है। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी है।

लालगंगा पटवा भवन में जारी उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के 17वें दिवस गुरुवार को लाभार्थी परिवार पुष्पादेवी-भीखमचंद कविता-मनोज कोठारी परिवार तथा सहयोगी परिवार पारस-विजय कोचर परिवार ने तिलक लगाकर श्रावकों का स्वागत किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर ने कहा कि तप की पहली शर्त है संवर। अपने अंदर आश्रव नहीं होने देना। अगर उपवास किया है तो मन में आहार की इच्छा नहीं जागृत होनी चाहिए। मौन व्रत रखा है तो बोलने की इच्छा का जन्म नहीं होने देना। पहले संवर, बिना इसका तपस्या करने वाले पागल के समान होते हैं। केवल भूखे रहने से तपस्या नहीं होती है, आश्रव का दरवाजा बंद रहना चाहिए। कुछ तपस्या के दो आयाम हैं, दोनों से मिलकर तपस्या बनती है। तपस्या अंदर में भी होना चाहिए और बाहर भी। तपस्या का दिया बाहर भी उजाला देता है और अंदर भी। बाहर का उजाला अनशन, भिक्षाचर्या, रसपरित्याग है। प्रभु ने कहा कि जो सुख देता है वह तप है, जिससे पीड़ा होती है वह हठयोग है। मन दुखी हो जाए हो कष्ट है, तप नहीं।

## दीपावली पर होममेड चाकलेट, ड्रायफ्रूट्स बाक्स की बढ़ी मांग

**रायपुर ( ए )।** रोशनी का त्योहार दीपावली का शुभारंभ शुक्रवार को धनतेरस के साथ हो रहा है। इसके लिए बाजार पूरी तरह से तैयार है। दीपावली में हर कोई मीठा पसंद करता है और दूसरों को भी उपहार के रूप में देता है। दीपावली के अवसर पर बाजार में होममेड चाकलेट्स और आकर्षक पैक में सजे ड्रायफ्रूट्स बाक्स की मांग बढ़ गई है। संस्थानों में यह 300 रुपये पैक से लेकर 3,000 रुपये के पैक में उपलब्ध है।

साथ ही उपभोक्ताओं के बजट के अनुसार इनकी रेंज बढ़कर आठ से दस हजार रुपये भी हो जाती है। इसके साथ ही मिष्ठान भंडारों में भी इन दिनों मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। कारोबारी गिरीश रेलवानी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष इनकी मांग में 10 फीसद की तेजी है। संस्थानों द्वारा उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार ड्रायफ्रूट्स बाक्स व होममेड चाकलेट्स तैयार किए जा रहे हैं।




### सुपर बाजार में नए स्टाक मंगाए जा रहे

उपभोक्ताओं की मांग का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि सुपर बाजार संस्थानों में होममेड चाकलेट्स व ड्रायफ्रूट्स बाक्स के नए स्टाक मंगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही कुछ गिफ्ट संस्थानों ने तो अपने संस्थान के बाहर ही अलग से स्टाल लगा दिया है। इन स्टालों में देर रात तक खरीदारी हो रही है।

### तीन दिनों में पांच करोड़ के कारोबार की उम्मीद

कारोबारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं के जबरदस्त आर्डर को देखते हुए कहा जा सकता है कि इन तीन दिनों में ही प्रदेश में होममेड चाकलेट्स व ड्रायफ्रूट्स बाक्स का कारोबार लगभग पांच करोड़ का होगा। आम उपभोक्ताओं के साथ ही कार्पोरेट कंपनियों में इस वर्ष इनकी मांग काफी ज्यादा है।

## सीएम ने छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों को दी धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं



**रायपुर ( ए )।** सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- धन-धान्य से परिपूर्ण जीवन की कामनाओं के साथ छत्तीसगढ़ सहित समस्त देशवासियों को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं। धनतेरस के अवसर पर आप सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होकर एक स्वस्थ प्रदेश व समृद्ध समाज के निर्माण का संकल्प लें। मैं माता लक्ष्मी, कुबेर जी एवं भगवान धन्वंतरी से सभी के जीवन में प्रेम-सद्भाव, यश, सुख-समृद्धि और उन्नति के संचार की कामना करता हूं।

## ओपी चौधरी को दी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी: रमन सिंह

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान पूर्ण हो चुका है। अब प्रदेश में दिग्गज दूसरे चरण में जीत के लिए ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं। इसी बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी छत्तीसगढ़ में तूफानी दौरा कर रहे हैं। रायगढ़ में हुई अमित शाह की सभा में उन्होने बीजेपी प्रत्याशी ओपी चौधरी के लिए वोट मांगा और कहा कि आप ओपी चौधरी को वोट दीजिए मैं ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाऊंगा.. अब इस बयान के लोग कई मायने निकाल रहे हैं।



वहीं, अमित शाह के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का भी बड़ा बयान सामने आया है।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा, कि अगर अमित शाह ने कहा तो जरूर उन्हे आने वाले दिनों में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

## राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**रायपुर।** दीपावली पर्व के अवसर पर आज राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि दीपावली पर्व एक ऐसा पवित्र दिन जब पाप का विनाश और धर्म की विजय हुई। भगवान राम का वनवास और सीता हरण के बारे में हम सब जानते है। भगवान राम ने रावण को मारकर संसार को उसके आतंक से मुक्त किया और विजयी होकर दीपावली के दिन अयोध्या लौटे थे। यह हमारे लिए अत्यंत शुभ अवसर है।



राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम, माता सीता और महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद छत्तीसगढ और आप सभी पर बना रहे।

राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो ने भी अपना संबोधन दिया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार आर.के. श्रीवास्तव, राज्यपाल के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, राज्यपाल के परिसहाय द्वय विवेक शुक्ला, निशांत कुमार तथा राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। यह पर्व हम मिल जुलकर मनाते हैं, जो लोगों को आपस में जोड़ने और एकता की भावना को बढाने का कार्य करता है। श्री हरिचंदन ने कहा है कि दीपावली का त्यौहार समस्त नागरिकों के लिए मंगलमय हो और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर हो।

## एक दशक के बाद दिव्यांग आसमा को मिला वोटिंग का अवसर

**रायपुर ( ए )।** दक्षिण विधानसभा में टिकरापारा की रहवासी आसमा अशरफी अपनी खुशी बया नहीं कर पा रही थी, जब मतदान दल उनके घर वोट कराने पहुंचा उस समय वह बिस्तर मे थी क्योंकि उन्हे चलने फिरने में तकलीफ है। पहले उनके पहचान पत्र तथा रजिस्टर में हस्ताक्षर इत्यादि प्रक्रिया पूर्ण की गई। उसके बाद उन्होंने मतपत्र पर अपने मनपसंद अभ्यर्थी को गुप्त रुप से चिन्हाकित किया। फिर उसे फोल्ड कर मतपेटी में डाला। इसके बाद उनके चेहरे पर संतुष्टी के भाव उमड़ पड़े। साथ ही वह गौरवान्वित हो उठी की लोकतंत्र के महत्वपूर्ण क्षण का हिस्सा बन चुकी हुं। आसमा अशरफी बतातीं है उन्होंने शादी से पहले कटनी में वोट करने का मौका मिला था। शादी के कुछ वर्ष के बाद बीमार होने से चलने फिरने में तकलीफी होने लगी। इसके कारण वह मतदान केन्द्र तक जाकर वोट डालने में समर्थ नही थी। आज 13 साल बाद जब बीएलओ मेरे घर आई और होम वोटिंग के बारे में मुझे और मेरे परिजनों को बताया तो सहर्ष सहमति प्रदान की। मैने तो इससे पहले सोचा ही नही था कि मै मतदान कर पाउंगी। आज मतदान कर वाकई मेरा सपना पूरा हुआ। इसके लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देती हूं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# दिवाली में पटाखों के बिना जश्न मनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण पटाखों पर प्रतिबंध जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के उत्पादन और इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि दिवाली का जश्न फीका ही रहेगा। आप चाहें तो अन्य कई तरीकों से त्योहार का आनंद ले सकते हैं। आइए जानते हैं कि पटाखों का इस्तेमाल किए बिना किस तरह से दिवाली को शानदार तरीके से मनाया जा सकता है।

### एलईडी लाइट्स और दीयों का इस्तेमाल करें

दिवाली को रोशनी का त्योहार कहा जाता है। इस मौके पर घरों को रोशन करने के लिए पहले मिट्टी के दीये जलाने का रिवाज था, लेकिन अब इनकी जगह चमचमाती लाइट्स ने ले ली है। बेहतर होगा कि आप दीये जलाने वाले रिवाज को जारी रखें। इनके साथ दिवाली पर एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल करें। इन लाइट्स को बनाने में गैलियम फोस्फाइड का इस्तेमाल होता है, जिससे कम ऊर्जा की खपत में ज्यादा प्रकाश उत्पन्न होता है।



### अपने घर को सजाएं

दिवाली के अवसर पर पूजा से पहले आप अपने घर की सजावट कर सकते हैं। इस तरह से आप व्यस्त भी रहेंगे और त्योहार के माहौल को भी महसूस कर पाएंगे। इसके लिए आप खुद भी कुछ सजावटी सामान जैसे कि कागज की लड़ियां या झूमर आदि बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त असली फूलों से रंगोली बनाकर घर के प्रवेश द्वार को खूबसूरत बना सकते हैं।

### हस्तनिर्मित गिफ्ट दें

प्लास्टिक से बने इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामान एक निश्चित समय के बाद कचरे में ही जाते हैं और ये हमें प्लास्टिक की खपत के अंतहीन चक्र में डाल देता है। ऐसे में क्यों न इस दिवाली पर्यावरण के अनुकूल हस्तनिर्मित गिफ्ट देने की प्रथा शुरू करें! अगर आप इसके लिए तैयार हैं तो टेराकोटा आर्ट वर्क, फूलों वाली चीजें, प्लांटेबल स्टेशनरी, ईको-फ्रेंडली कटलरी और यहां तक कि स्नैक्स बॉक्स आदि विकल्प गिफ्ट के तौर पर दे सकते हैं।

### स्वादिष्ट स्नैक्स और ड्रिंक्स करें तैयार

त्योहार का मजा खान-पान की चीजों के बिना अधूरा-सा ही लगता है। इसी कारण दिवाली के अवसर पर अपने मनपसंद स्नैक्स और ड्रिंक्स तैयार करें और अपने परिवार के साथ उनके सेवन का आनंद लें। इसके अलावा दिवाली मनाने का सबसे खास तरीका है कि आप विभिन्न मिठाइयां बनाएं। काजू कतली हो या फिर लड्डू, दिवाली लजीज मिठाइयों के लिए जानी जाती है।

### दिवाली पार्टी आयोजित करें

आप चाहें तो दिवाली पर एक पार्टी भी आयोजित कर सकते हैं। हालांकि, दिवाली पार्टी की योजना बनाने से पहले एक बजट तैयार करें, जिससे आपके लिए प्राथमिकताएं निर्धारित करना आसान हो जाए और आप फिजूल के खर्च से बच सकें। इसके साथ ही एक सूची उन लोगों की जरूर बनाएं, जिन्हें आप अपनी पार्टी का हिस्सा बनाना चाहते हैं और देखें कि यह आपके बजट में फिट बैठती है या नहीं।

# चेहरे की खूबसूरती बिगाड़ रही हैं झुर्रियां तो ना हों परेशान फेस पर इस ऑयल को लगाते ही दूर हो जाएंगे सारे निशान

खूबसूरत चेहरे पर झुर्रियां दाग लगाने का काम करती हैं। स्किन की ड्राईनेस, डार्क स्पॉट्स और झुर्रियां चेहरे को भद्दा बना देती हैं। स्किन में नमी कम होने की वजह से फाइन लाइंस भी दिखाई पड़ने लगती है, जिससे त्वचा सिकुड़ने और ढीली होने लगती है। जिससे चेहरे पर उम्र का असर दिखाई देने लगता है।



स्किन की इन समस्याओं को दूर करने में नेचुरल ऑयल मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे अच्छा नारियल का तेल माना जाता है। यह काफी शुद्ध होता है और स्किन के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। नारियल का तेल लगाने से झुर्रियां गायब हो सकती हैं और स्किन लंबे समय तक टाइट रहती है, जिससे उम्र का असर नजर नहीं आता है।

### स्किन के लिए नारियल तेल क्यों फायदेमंद

- नारियल का तेल स्किन की समस्याओं को दूर करने का काम करता है। चेहरे पर मसाज करने से ही इसके फायदे नजर आने लगते हैं।
- नारियल तेल लगाने से स्किन की ड्राईनेस कम होती है और सर्दियों में त्वचा पर व्हाइट पैच नहीं दिखते हैं।
- सर्दियों में स्किन को हाइड्रेटेड रखने में नारियल तेल अच्छा माना जाता है।
- कोकोनट ऑयल स्किन कोलेजन को बेहतर बनाने का काम करता है।
- नारियल तेल स्किन सेल्स को रिन्यू कर स्किन में निखार लाता है।

### स्किन के लिए नारियल तेल क्यों फायदेमंद

- नारियल का तेल स्किन की समस्याओं को दूर करने का काम करता है। चेहरे पर मसाज करने से ही इसके फायदे नजर आने लगते हैं।
- नारियल तेल लगाने से स्किन की ड्राईनेस कम होती है और सर्दियों में त्वचा पर व्हाइट पैच नहीं दिखते हैं।
- सर्दियों में स्किन को हाइड्रेटेड रखने में नारियल तेल अच्छा माना जाता है।
- कोकोनट ऑयल स्किन कोलेजन को बेहतर बनाने का काम करता है।
- नारियल तेल स्किन सेल्स को रिन्यू कर स्किन में निखार लाता है।

### फुकरे 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक


बॉलीवुड की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइजी फुकरे की तीसरी किस्त फुकरे-3 को 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था इसमें वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, मनजोत सिंह, पुलकित सम्राट और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारों ने अभिनय किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फुकरे-3 ने 96.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब फुकरे-3 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है।

फिल्म फुकरे-3 ओटीटी पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 349 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। जहां फुकरे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है तो वहीं फुकरे रिटर्न को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# प्रभास की सालार की रिलीज तारीख में नहीं होगा बदलाव, शाहरुख की डंकी से भिड़ंत तय




प्रभास आजकल अपनी आगामी फिल्म सालार को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी और टिकट खिड़की पर इसका सामना शाहरुख खान की डंकी से होगा। हालांकि, पिछले कुछ दिनों ऐसी चर्चा है कि निर्माता सालार की रिलीज तारीख में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। सालार अपनी निर्धारित रिलीज की तारीख 22 दिसंबर पर ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सालार और डंकी के बीच 22 दिसंबर को भिड़ंत होना तय है। प्रभास की फिल्म का ट्रेलर नवंबर के अंत तक जारी किया जाएगा और इसका टीजर पहले ही सामने आ चुका है। दूसरी ओर, शाहरुख की डंकी की बात करें तो फिल्म का पहला टीजर किंग खान के जन्मदिन पर रिलीज किया गया था, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया। अब दर्शक डंकी के ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं।

सालार का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है, जबकि इसके निर्माण का जिम्मा विजय किरगंदुर ने संभाला है। फिल्म में श्रुति हासन, टीनू आनंद, श्रिया रेड्डी और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। दूसरी ओर, डंकी का निर्देशन जाने-माने निर्देशक राजकुमार हिरानी कर रहे हैं। इसमें शाहरुख के साथ पहली बार तापसी पन्नू नजर आएंगी।यह फिल्म राजकुमार हिरानी फिल्म्स और शाहरुख की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज के बैनर तले बन रही है।



# सलमान खान से जुड़े होने के कारण बढ़ा दबावः अलीजेह अग्निहोत्री

सलमान खान की भांजी और फिल्ममेकर अतुल अग्निहोत्री की बेटी अलीजेह अग्निहोत्री बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। इन दिनों वह अपनी पहली फिल्म फर्रे का प्रचार कर रही हैं। अपने डेब्यू के लिए अलीजेह ने स्कूल पर आधारित इस क्राइम ड्रामा फिल्म को चुना। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पहली फिल्म के साथ ही सलमान से जुड़े होने के दबाव पर भी बात की। उन्होंने पपराजियों से होने वाली असहजता के बारे में भी बताया।

अलीजेह ने बताया कि फर्रे उनका अपना चुनाव था। वह अपने डेब्यू के लिए कुछ अलग चुनना चाहती थीं, जिससे वह भीड़ में गुम न हो जाएं। उन्होंने कहा, यह व्यवसाय हर रोज बदलता है। अपनी पहचान बनाने के लिए आपको कुछ अप्रत्याशित करना होगा। मुझे खुशी है कि मुझे फर्रे मिली। मैं इससे काफी प्रभावित थी। मैं इस फिल्म का छोटा सा हिस्सा हूं। मैंने इसमें बहुत कुछ सीखा है।

सलमान से जुड़े होने पर उन्होंने कहा, हां इसका दबाव है, बहुत तनाव है। खासकर, अब जब हम फिल्म का प्रचार कर रहे हैं, तब मुझे यह दबाव महसूस होने लगा है। मैंने अब तक यह महसूस नहीं किया था। उन्होंने कहा कि यह दबाव तब और बढ़ जाता है, जब पपराजियों से सामना होता है। उन्होंने कहा, मैं सार्वजनिक तौर पर रहना ज्यादा पसंद नहीं करती, इसलिए मुझे नहीं पसंद कि मुझे हर जगह रिकॉर्ड किया जाए।

उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता लोग जिम से बाहर आते हुए भी इतने सुंदर कैसे दिखते हैं। मैं ऐसी नहीं दिखती हूं। मुझे जो भी सहज लगता है, मैं वो पहन लेती हूं। मैं अच्छी नहीं दिखती और मैं ऐसे ही बाहर आती हूं। सेट पर मेरे लिए आसान होता है। मुझे जितनी देर कहा जाए, मैं फोटोशूट कर सकती हूं, लेकिन उसके बाद नहीं। जब पपराजी आते हैं, तो पता नहीं क्या हो जाता है।

फर्रे 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो स्कूल में नकल करवाने वाले कुछ छात्रों पर आधारित है। इसका पहला गाना भी जारी हो चुका है। इसका निर्देशन वेब सीरीज जमतारा का निर्देशन कर चुके सोमेंद्र पाढ़ी ने किया है। फिल्म में अलीजेह के साथ जूही बब्बर, प्रसन्न बिष्ट, साहिल मेहता और रोनित रॉय भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण अतुल अग्निहोत्री, सलमान और निखिल नमित ने किया है।


# डीपनेक टॉप में अन्वेषी जैन ने कराया बोल्ड फोटोशूट फिगर देख लट्टू हुए फैंस



गंदी बात फेम एक्ट्रेस अन्वेषी जैन अपने फिगर साइज की वजह से हमेशा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो लोग उनके बोल्ड अवतार को देखकर घायल हो जाते हैं। अन्वेषी जैन आए दिन अपने सिजलिंग लुक्स की तस्वीरें शेयर कर इंटरनटे पर छाई हुई रहती हैं। अन्वेषी जैन कभी बोल्ड तो कभी एथनिक लुक्स में फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है। बताते चलें एक्ट्रेस ना सिर्फ अपने लुक्स बल्कि अपनी एक्टिंग की वजह से भी सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट लेती हैं। अभिनेत्री अन्वेषी जैन ने एकता कपूर की बोल्ड सीरीज गंदी बात में काम कर के कई इंटिमेट सीन्स देकर दर्शकों अपने हुस्न का दीवाना बना दिया था। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस अन्वेषी जान जमीन पर बैठकर बेहद ही किलर अंदाज और क्यूट सी स्माइल देते हुए फैंस को अपनी बोल्ड अदाओं से कायल कर रही हैं। पिंक डीपनेक टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहनकर एक्ट्रेस अन्वेषी जैन अपने इस लुक में काफी सेक्सी नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक यूजर ने अन्वेषी जैन की इन तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- लगता है आप इंटरनेट पर तहलका मचा के ही मानोगी। तो वहीं दूसरे ने लिखा है- सो ब्यूटिफुल। अभिनेत्री की इन तस्वीरों को अपलोड हुए काफी समय हो गया है। और अब तक 1 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने अन्वेषी जैन की इन फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं।

## गतिशील अभिनेता रवि तेजा की फिल्म ईगल का टीजर रिलीज

गतिशील अभिनेता रवि तेजा, जो टाइगर नागेश्वर राव में अपनी हालिया भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं, 13 जनवरी, 2024 को ईगल की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जो निर्देशक कार्तिक घट्टमनेनी द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में अनावरण किया गया, ईगल का टीजर सावधानीपूर्वक निष्पादित हमलों की एक श्रृंखला को चित्रित करता है, जो उनके पीछे के रहस्यमय व्यक्ति में सरकार की रुचि को बढ़ाता है। घने जंगलों के भीतर छिपी यह रहस्यमयी आकृति उसके उद्देश्यों और अंतिम लक्ष्यों के बारे में सम्मोहक सवाल उठाती है, जिससे रहस्य का माहौल पैदा होता है। टीजर एक गहन और गुप्त थ्रिलर का वादा करता है, जिसमें रवि तेजा का उल्लेखनीय परिवर्तन और एक विद्युतीकरण संगीत स्कोर दिखाया गया है। पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित इस फिल्म में काव्या थापर, नवदीप, श्रीनिवास अवसारला और मधुबाला प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि डेवजैंड संगीत निर्देशक हैं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# मोदी, शाह का काम सिर्फ नफरत फैलाना है - मल्लिकार्जुन खरगे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बैकुंठपुर/रायपुर।** बीजेपी, मोदी जी और आरएसएस देश में संविधान बदलना चाहते हैं, गरीबों और वंचित लोगों को जो हक मिल रहे हैं उसको खत्म करना चाहते हैं। इन लोगों के इस प्रयास को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ समेत पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार आना जरूरी है। यह बात कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने आज बैकुंठपुर की जनसभा में कही।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने जनसभा में कहा कि मोदी ने कहते हैं कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, सब कुछ उन्होंने ही किया है। वह अपने भाषणों में बार बार राहुल गांधी का नाम लेते हैं। एक भाषण में कम से कम 50 बार कांग्रेस का नाम लेते हैं। वह ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें कांग्रेस से ही डर है। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस गरीबों के लिए लड़ती है और मोदी जी अडानी जैसे अमीरों के लिए लड़ते हैं। गरीबों के लिए लड़ने वालों को सत्ता से दूर रखने के लिए मोदी सारी कोशिश कर रहे हैं। श्री खरगे ने कहा कि मैं तो कहता हूं, मोदी-शाह और बीजेपी, आरएसएस के लोगों यहां घुसने मत दो। ये अगर घुस गए तो सिर्फ नफरत बढ़ाएंगे। सिर्फ 5 फीसदी लोगों के पास देश की 60 फीसदी संपत्ति है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस की सरकार न्याय योजना के तहत किसानों मजदूरों के खाते में पैसे डालती है। तेंदूपत्ता के दाम भी हमने बढ़ाए हैं। मोदी जी सिर्फ भड़काने का काम करते हैं। हिंदू-मुसलमान में लड़ाने का काम करते हैं। बच्चों के दिमाग में बार-बार इन बातों को डाला जा रहा है। सिर्फ नफरत का वातावरण बनाने का काम बीजेपी ने किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि चुनाव के समय ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग के छापे डाले जा रहे हैं। ये सब कार्रवाई कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। हम डटकर खड़े और छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। भूपेश बघेल फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। हमने जो वादे किए हैं, उसे निभाएंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि दिल्ली में जब मनमोहन सिंह की सरकार थी तब भी हमने कहा था किसानों का कर्ज माफ करेंगे, जिसे पूरा करके दिखाया।

मोदी जी ने सरकार में रहते हुए कुछ नहीं किया। इनके राज में तेल महंगा, डीजल महंगा, पेट्रोल महंगा यहां तक की प्याज तो सूंघने को भी नहीं मिल रहा है। मार्केट में जाओ तो प्याज छूने नहीं मिलता। इतनी महंगाई बीजेपी सरकार में बढ़ गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने जनसभा में कहा कि नफरत का वातावरण खत्म करने के लिए राहुल गांधी जी ने तो कन्या कुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की। मोदी जी आप 4,500 किलोमीटर क्यों नहीं चलते, लोगों को गले लगाएं, माताओं, बहनों बच्चों से मिलें। अगर मोदी जी आते भी हैं तो आगे-पीछे 100 गाड़ियां रहती हैं। मोदी जी खुद को ओबीसी और गरीब बताते हैं। लेकिन त्याग और बलिदान तो कांग्रेस में है। 1989 से लेकर अब तक कौन गांधी परिवार से प्रधानमंत्री है बताइए ? सोनिया गांधी ने कहा कि देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मैं मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने जनसभा में कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने देश के लिए बहुत कुछ किया।

### पूरे देश में हो रही छत्तीसगढ़ की तारीफ

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने जनसभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार में बैकुंठपुर का बहुत विकास हुआ। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को जिला कांग्रेस ने बनाया। हर जिले में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, पॉलिटेक्निक कॉलेज, नए जिला अस्पताल कांग्रेस ने बनाया। छत्तीसगढ़ में जो काम हो रहा है उसकी तारीफदेश में हो रही है। धान खरीदी, इंग्लिश स्कूल खोलने के फैसले को सभी ने सराहा है। गरीबों के बच्चे अब इंग्लिश में पढ़ाई कर रहे हैं। गरीबों के बच्चे अब पढ़ाई कर रहे विदेश भी जा सकते हैं। यहां मिल रही सस्ती दवाई की चर्चा पूरे देश में हो रही है।

## आदर्श नगर सहित भिन्न स्थानों में जोनों की टीमों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है। इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा जोन कमिश्नर श्री सुशील कुमार चैधरी की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 के तहत आदर्श नगर क्षेत्र में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली। वहीं जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली।

रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

## खास खबर


### बाज़ार की छोटी बड़ी दुकानों में मतदाता जागरूकता के लगाए गए स्टीकर व पोस्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प अभियान के तहत आज जिला मुख्यालय में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने तिरंगा चौक के आस पास बाज़ार स्थल पहुँच कर नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान, निष्पक्ष व भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त मतदान की अपील की। साथ ही मतदान के दिन दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान हेतु अवकाश प्रदान करने को भी कहा। चुनई तिहार 2023 में आयोजित यह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शहरी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ यादव के साथ मतदाता मित्र/संकल्प दूत द्वारा बाजार के दुकानों पर पहुंचकर जागरूकता संबंधी स्टीकर व पोस्टर भी लगाया गया। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर भीड़भाड़ होने वाली मिठाई दुकानों, ज्वेलरी दुकानों, फैंसी सजावटी दुकानों, गुपचुप चाट चौपाटी में आये नागरिकों एवं व्यापारियों के द्वारा मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान जनपद पंचायत गरियाबंद सीईओ पदमिनी हरदेल, सीएमओ आशीष तिवारी, डीपीएम पतंजलि मिश्र, डीपीएम आशीष सिंह, के नागेश सहित बड़ी संख्या में जिला पंचायत जनपद पंचायत, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित होकर लोगो को जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**सूरजपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा निर्देशन में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर गोविन्द नारायण जांगड़े जी के मार्गदर्शन में प्राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवसश् के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल नवापारा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल चाँदनी बिहारपुर, कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर प्रेमनगर, प्राथमिक शाला कुंजनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल अभिषेक भाई पटेल, पीएलव्ही सत्य नारायण सिंह, ब्रिजवासी सिंह, चिरंजीव, नितेश साहू, रोहित राजवाडे, सद्दाम हुसैन, कु. प्रियंका यादव, कु. कान्ती सिंह, राजिया खान शिविर में उपस्थित रहे। डिफेंस कॉसिल श्री अभिषेक भाई पटेल ने उपस्थित बच्चों को राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष नालसा के द्वारा 9 नवंबर को विधिक साक्षरता दिवस मनाने का संकल्प लिया हैं। जिसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों को विधिक अधिकारों के बारे में अवगत कराना है एवं नालसा के योजनाओं को प्रत्येक जनमानस तक पहुंचाना है। आगे उन्होने बताया कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, सभी महिलाएं, बच्चे, वृद्धजन, श्रमिक वर्ग, विकलांग, बाढ़-सुखा से प्रभावित वर्ग, मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं जेल में निरूद्ध बंदी निःशुल्क विधिक सेवा पाने के हकदार है।

## आयुक्त ने बैठक लेकर सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश के बाद आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रहवासी कॉलोनियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक रखी गई। जिसमे आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों आनंद विहार पोटिया, गणपति विहार,ऋषभ प्राइड, लेक व्यू अपार्टमेंट,अमर हाइट्स, गंजपारा, ऋषभ साउथ सिटी, द्वारिकापुरी,पोटिया रॉयल ग्रीन, पोटियाकला,पामवुड रेसीडेंसी, कातुलबोर्ड, ऋषभ ग्रीन सिटी, पुलगांव ,महेश कॉलोनी के पदाधिकारी उक्त बैठक में उपस्थित थे।

आयुक्त द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई एवं समस्त कॉलोनियों के अध्यक्ष को कॉलोनी के रहवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करवाने के लिये अपील की ।उन्होंने कहा कि निगम कर्मियों सहित कालोनी के पदाधिकारीयो के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर पहुचेंगे ।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में दुर्ग शहर के सभी मतदाताओं से मतदान तिथि मंगलवार 17 नवम्बर 2023 को मतदान केन्द्र में जाकर बिना किसी भय, लोभ व लालच के निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की है। दुर्ग शहर की यह परम्परा रही है कि यहां के मतदाताओं ने पूर्व में हुए सभी निर्वाचनों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में आपका मतदान दुर्ग शहर के लिए ही नहीं अपितु प्रदेश एवं देश के लिए मिसाल बनेगा। अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें ।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए ।मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है ।मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति आम नागरिक का वोट है।

त्यौहारों पर बड़े व्यापार की तैयारियां जोरो पर

## धनतेरस पर दो दिन में देश भर में 50 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान - पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि दिवाली की त्यौहारों के सीजन की श्रृंखला में मूल रूप से कल धनतेरस का त्यौहार प्रदेश सहित देश भर के व्यापारियों के लिए माल की बिक्री का एक बड़ा दिन है जिसकी लेकर प्रदेश सहित देश भर में बड़ी तैयारियाँ व्यापारियों ने की हुई है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया की आज और कल धनतेरस के मौक़े पर देश भर में आज लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये के रिटेल व्यापार का अनुमान है। वहीं दूसरी तरफ़ इस दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का दर्शन पूरी तरह बाज़ारों में दिख रहा है क्योंकि लगभग सारी ख़रीदारी भारतीय सामानों की ही हो रही है । एक अनुमान के अनुसार दिवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की चपत लगी है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के आवाह्न एवं महिलाओं से ख़रीदारी को कैट ने अपना समर्थन देते हुए प्रदेश सहित देश भर के व्यापारिक संगठनों से आग्रह किया है कि वो अपने क्षेत्र की जो महिलाएँ दिवाली से संबंधित सामान बना रही हैं, उनकी बिक्री में वृद्धि करने में सहायता करें ताकि वो भी ख़ुशी से अपने घर दिवाली मना सकें।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की धनतेरस के दिन सिद्धि विनायक श्री गणेश जी , धन की देवी श्री महालक्ष्मी जी तथा श्री कुबेर जी की पूजा होती है। इस दिन नई वस्तु ख़रीदना शुभ माना जाता है। इस दिन ख़ास तौर पर सोना चाँदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएँ, सभी प्रकार के बर्तन, रसोई का सामान , वाहन, कपड़े एवं रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली का सामान एवं उपकरण, व्यापार करने के उपकरण जैसे कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से जुड़े उपकरण, मोबाइल, बही खाते, फर्नीचर, एकाउंटिंग का अन्य सामान आदि विशेष रूप से ख़रीदे जाते हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन झाडू भी अवश्य ख़रीदी जाती है ।

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एवं गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया की देश भर के ज्वेलरी व्यापारियों में कल धनतेरस की बिक्री को लेकर बड़ा उत्साह है जिसके लिए ज्वैलरी व्यापारियों ने व्यापक स्तर पर काफ़ी तैयारियाँ की हुई है। सोने - चाँदी, डायमंड आदि के नये डिज़ाइन के गहने एवं आभूषण सहित अन्य वस्तुओं का प्रचुर मात्रा में स्टॉक रखा गया है । उन्होंने बताया की इसके साथ ही इस वर्ष आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी बड़ी माँग बाज़ारों में दिखाई दे रही है वहीं सोने चाँदी के सिक्के, नोट एवं मूर्तियों को भी धनतेरस पर बड़ी मात्रा में ख़रीदा जाना भी संभावित है। कैट की वैदिक एवं ज्योतिष कमेटी के संयोजक तथा प्रख्यात वेद मर्मज्ञ उज्जैन के आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया की भगवान धन्वंतरि का प्रदूर्भाव भी धनतेरस के ही के दिन हुआ था। भगवान धन्वंतरि भगवान विष्णु के अवतार हैं तथा औषधि के देवता भी हैं। इस दृष्टि से कल देश भर में भगवान धन्वंतरि की भी पूजा की जायेगी। इनका प्रिय धातु पीतल माना जाता है। इसीलिये धनतेरस को पीतल आदि के बर्तन खरीदने को भी शुभ माना गया है और इसीलिए धनतेरस के दिन बर्तनों एवं खाना बनाने वाले सामानों की बिक्री बड़े पैमाने पर होती है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भरदाकला एवं अर्जुनी टिकरी में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों से मतदान केंद्रों में किए जा रहे आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला भरदाकला के मतदान केंद्र में पहुँचकर किए जा रहे व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित तहसीलदार श्री प्रीतम साहू ने बताया कि प्राथमिक शाला भरदाकला में मतदान केंद्र क्रमांक 100 एवं 101 सहित कुल दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस दौरान श्री शर्मा ने प्रधान पाठक से स्कूल एवं मतदान केंद्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। श्री शर्मा ने प्राथमिक शाला के अध्ययन कक्ष में पहुँचकर विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा पांचवी के बच्चों से उनके पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न भी पुछे। कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी देविका एवं रेहान खान ने कलेक्टर शर्मा के प्रश्नों का सही-सही उत्तर दिया। इस पर प्रसन्न होकर कलेक्टर शर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाए दी। शर्मा ने प्रधान पाठक से स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। प्रधान पाठक के द्वारा शाला में पदस्थ शिक्षिका सोनम पवार के अवकाश पर रहने की जानकारी देने पर कलेक्टर ने शिक्षिका सोनम पवार अवकाश स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए गए आवेदन का भी अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक शाला अर्जुनी टिकरी में पहुँचकर वहां बनाए गए मतदान केंद्र क्रमांक 131 एवं 132 का अवलोकन किया।

कलेक्टर शर्मा ने तहसीलदार प्रीतम साहू को मतदान केंद्र में पहुंच हेतु मार्ग एवं रैम्प आदि का निर्माण कराने तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मतदान केंद्र में शौचालय एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा इसे शीघ्र सुनिश्चित कराने को कहा।

### नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला के जरिए दिया मतदाता संदेश

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा मानव श्रृंखला, स्वीप रैली, मेहंदी प्रतियोगिता एवं नाट्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली रिवर व्यू से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सभी नर्सिंग कॉलेजों की छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार शरण, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपादित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से रेडक्रॉस के सचिव डॉ राजेश शुक्ला, जिला समन्वयक रेडक्रॉस सौरभ सक्सेना, पियुली मजूमदार, आदित्य पांडे, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, श्रीमती गीतेश्वरी चंद्रा आदि सहित बिलासपुर जिले के नर्सिंग महाविद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, 20 ड्रम महुआ शराब जब्त

**रायगढ़ (ए)।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के मद्देनजर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिला सहित आसपास की ओडिसा सीमावर्ती क्षेत्रों में आबकारी विभाग को अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में रायगढ़ एवं ओडिसा राज्यों के सीमावर्ती जिलों के आबकारी अमलों की संयुक्त कार्यवाही में बड़ी सफलता मिली है और 4 हजार किलोग्राम महुआ लाहन एवं 255 लीटर अवैध मदिरा की जब्ती की गई है।

सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बेलरिया नाला के किनारे ओडिसा के सीमावर्ती क्षेत्र में आज बेलपहाड़ के एक्साईज रेंज एवं स्टेशन इंचार्ज सर्किल इंस्पेक्टर विजय प्रकाश तिर्की एवं मोबाईल यूनिट झारसुगुड़ा के सर्किल इंस्पेक्टर क्षितिस दास, देवेन्द्र प्रहलाद तथा रायगढ़ जिले के आबकारी उप निरीक्षक हाबिल खलखो व आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर एवं लालसिंह द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की गई जिसमें 20 ड्रमों और 60 बोरों में कुल 4 हजार किलो ग्राम फर्मेंटेड वाश (महुआ लाहन)और कुल 255 लीटर अवैध आसवित मदिरा जब्ती की गई है।

### डंडे से पिटाई कर पड़ोसी की हत्या के दोषी को उम्र कैद

**कोरबा (ए)।** पानी निकासी को लेकर उपजे विवाद पर डंडा से पड़ोसी की पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में सुनवाई के बाद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के पीठासीन अधिकारी वेन्सेस्लास टोप्पो द्वारा आरोपी जसपाल सिंह कंवर को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा तथा दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

मामला बांकीगोगरा थाना अंतर्गत ग्राम वेलसरा टिकरापारा का है। यहां संतराम यादव अपने परिवार के साथ निवास करता था कि चार जुलाई 2021 को शाम पांच बजे संतराम अपने घर में था और वर्षा हो रही थी तभी पडोसी जसपाल कंवर की मां धनवाई द्वारा वर्षा के पानी को गली में जाने से रोकने के लिए मिट्टी से बांध बना दी। इससे वर्षा का पानी नाली भरकर संतराम के घर तरफ जाने लगा था, तब संतराम ने धनबाई के बांधे हुए मिट्टी के पार को काटकर पानी बहाने लगा, इस पर जसपाल कंवर ने आकर कहा कि मिट्टी हटाने वाला कौन होता है। इसके साथ ही उनसे गाली गलौच कर कहा कि जो पार को काट दिया है उसे जान समेत मार दूंगा। उसी समय संतराम के आने पर जसपाल ने उसे जमीन में पटक दिया तथा बाड़ी में रखे लकड़ी के डंडा को उठाकर संतराम की जबरदस्त पिटाई कर दी।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023: निगरानी दलों ने 66 करोड़ से ज्यादा की नगदी व अवैध सामान किया जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में निगरानी दलों की जांच जारी है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक निगरानी दलों ने 66 करोड़ 33 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 17 करोड़ 98 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 8 नवम्बर तक 47 हजार 371 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए है। साथ ही तीन करोड़ 99 लाख रुपए कीमत की अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 20 करोड़ 36 लाख रुपए कीमत के 484 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 22 करोड़ 62 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन मंर राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्यवाही लगातार जारी है।

## मतदान सामग्री वितरण स्थलों का एसपी गर्ग ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर दिए निर्देश

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा किया गया। इस दौरान साइंस कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मानस भवन में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। एसपी गर्ग द्वारा पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो, इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं एवम विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तैयारियों की एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए संबंधित नोडल अधिकारी से कहा।

इस दौरान एसपी ने पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणिशंकर चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नील कंठ वर्मा, थाना प्रभारीगण अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनाव के दौरान नशे के सामान पर आबकारी की नजर, अब तक 19 लाख की अवैध सामग्री जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा चुनाव 2023 सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, सहायक व्यय प्रेक्षक तथा एफएसटी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में इन संयुक्त टीमों ने बुधवार को रेलवे स्टेशनों में आने-जाने वाले यात्रियों, बस स्टेशनों, जिले की देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, होटल, बार एवं क्लबों की आकस्मिक जांच की। टीम द्वारा रेलवे स्टेशन दुर्ग में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक आबकारी अमले के द्वारा 1263 बल्क लीटर देशी, विदेशी मदिरा व महुआ शराब, 22925 किलोग्राम अवैध महुआ शराब बनाने हेतु महुआ लाहन, 9 वाहन जब्त किए गए हैं, जिनका कुल बाजार मूल्य 19 लाख 16 हजार 145 रुपए है।

सहायक आयुक्त आबकारी से मिली जानकारी के अनुसार अन्य राज्यों से आने वाली ट्रेनों एवं यात्रियों की तलाशी ली गई साथ ही आबकारी केन्द्रों ऋषि बार रेलवे स्टेशन दुर्ग, कम्पोज़िट मदिरा दुकान डिपरापारा दुर्ग, रॉयल बार सिविक सेन्टर भिलाई, प्रीमियम शॉप सूर्या मॉल भिलाई एवं झरोखा क्लब स्मृति नगर भिलाई की सघन जाँच पड़ताल संयुक्त जांच दल द्वारा की गई। इसके अलावा टीम ने मुख्य मार्ग पर स्थित संवेदनशील होटल, ढाबों में प्रिंस ढाबा बाईपास दुर्ग, रॉयल हवेली ढाबा बायपास दुर्ग, श्री सांई ढाबा बायपास दुर्ग, अवैध मदिरा की आशंका के मद्देनजर तलाशी की कार्य को टीम द्वारा अंजाम दिया गया। जिले में संचालित आसवनी एवं मदिरा बॉटलिंग इकाई में आबकारी अमले के साथ-साथ केन्द्रीय सशस्त्र बल के जवान तैनात किये गए। जिले में संचालित आसवनी, मदिरा बॉटलिंग इकाई, देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों में सुरक्षात्मक एवं पारदर्शिता को बढ़ाने के दृष्टिकोण से सीसी टीवी कैमरे स्थापित किये गए हैं तथा इनमें 15 दिवस से अधिक का बैकअप सुरक्षित रखा जा रहा है।

## होटल के लॉन में चल रहा था हुक्का बार, पुलिस ने दी दबिश संचालक को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हुक्का जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में अवैध रूप से चल रहे हुक्काबार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने यहां बघेरा में एक होटल के लॉन से हुक्काबार का भांडाफोड़ किया है। मौके से पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में हुक्का और उससे जुड़ी सामग्री जब्त की है।

दुर्ग कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बघेरा क्षेत्र में इंडियन प्राइड होटल के लॉन में हुक्काबार के संचालन की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम ने दबिश दी। मौके पर हुक्का का कश लगाते कई लोग दिखे। पुलिस ने यहां कार्रवाई करते हुए हुक्का के साथ उससे जुड़ी सामग्री जब्त की। पुलिस ने हुक्काबार के संचालक खंडेलवार कॉलोनी निवासी अंकित वैष्णव को गिरफ्तार किया। वहीं मौके से हुक्का चेस




मशीन 12, स्पेलम 12, हुक्का पाईप 6, अलग-अलग प्रकार का फ्लेवर आदि जब्त किया है। मामले में पुलिस ने धारा 21 (1) सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों (विज्ञापन प्रतिषेध और व्यापार और वाणिज्य का विनियमन, उत्पादन आपूर्ति और वितरण) अधिनियम 2021 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव, उनि मकरध्वज प्रधान, सउनि किरेन्द्र सिंह, आरक्षक आलउद्दीन शेख, लव पाण्डेय व डोमनलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

## बाइक पर रोमांस का वीडियो हुआ सोशल मीडिया में वायरल ट्रैफिक पुलिस युवक तक पहुंची और काटा चालान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों बाइक पर रोमांस करते कपल की वायरल वीडियो कॉमन हो गई है। लगातार कार्रवाई के बाद भी युवक-युवती इससे बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर में बाइक पर रोमांस करते एक कपल का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक को पकड़ा और उसका चालान बनाया। यही नहीं दोबारा इस तरह की हरकत न करने की समझाइश भी दी गई।

दरअसल यह वीडियो बिलासपुर के मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। बाइक पर युवक-युवती रोमांस कर रहे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक बाइक चला रहा है और युवती बाइक की टंकी पर युवक की गोद





में बैठी हुई है। सड़क पर खुलेआम दोनों बेशर्मी कर रहे थे। इस बीच पीछे से किसी ने इनका वीडियो बनाया और इसे वायरल कर दिया। यह वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने जांच की और युवक की तलाश कर उस तक पहुंच गई। यातायात पुलिस ने युवक पर कार्रवाई की और चालान बनाया। साथ ही यातायात पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार खतरनाक तरीके से बाइक न चलाए। यातायात नियमों का पालन करें और खुद सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रहने दें।

## पुलिस ने जब्त किए 10 किलो चांदी के जेवर, नगदी भी बरामद, मध्यप्रदेश से लेकर पहुंचा था व्यापारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच प्रदेश भर में जांच दलों की कार्रवाई जारी है। स्थानीय पुलिस के साथ ही एसएसटी व एफएसटी द्वारा भी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर पुलिस ने 10 किलो चांदी के जेवर जब्त किए हैं। मध्यप्रदेश का व्यापारी इन चांदी के जेवरों को लेकर पहुंचा था। वैध दस्तावेज न होने के कारण पुलिस ने पूरे चांदी के जेवर व 1 लाख 4000 नगद जब्त किया है। इसके अलावा दो अन्य बाइक सवारों से 6 लाख 50 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 130 मदनपुर के पास पुलिस की जांच चल रही थी। इस दौरान अन्य राज्यों से आने वाले गाड़ियों की सघन जांच की जा रही थी। जांच के दौरान एक कार को रोक कर तलाशी ली गई। तभी गाड़ी से अलग-अलग थैली में



चांदी की पायल, सिक्के, चांदी के बिस्किट करीब 9 किलो 461 ग्राम चांदी के जेवर और 1 लाख 4 हजार नगद रकम मिला। मध्य प्रदेश सागर मोती नगर के रहने वाले गाडी ड्राइवर ओंकार साहू जेवर व नगद रकम के संबंध में दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जब्त कर लिया है।

एक अन्य मामले में चकरभाठा पुलिस ने कार्रवाई कर बाइक सवारों से 6 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए हैं। एयरपोर्ट तिराहा चौक में एसएसटी की टीम ने बाइक सवार दो लोगों को रोका। जांच कि तो उनके पास से करीब छह लाख 50 हजार मिले। बाइक सवारों से जब पूछा गया कि रुपए किसके हैं और कहां से ले जा रहे हैं तो वे कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। एसएसटी की टीम ने कार्रवाई के लिए पूरी राशि चकरभाठा पुलिस के सौंप दिया। आगे की जांच चकरभाठा पुलिस कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मतदान जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किए गए

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव मे मतदान का प्रतिशत सौ फिसदी रहे इस उद्देश्य को लेकर नागरिकों को जागरूक करने मतदाता जागरूकता का विभिन्न आयोजन निगम के विधानसभा क्रमाँक 65 एवं 66 मे आयोजित किया गया है । भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभागार मे निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर कालोनी के मतदाताओं को अधिक से अधिक वोटर टर्न आउट बढ़ाने हेतू चर्चा एवम सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक मे उपस्थित एसोसिएशन के प्रतिनिधियो ने बताया कि कालोनी मे लोगो को 17 नवम्बर को अपना मतदान अवश्य करे इस हेतु सभी को संकल्प दिलवाया जा चुका है। उन्होने बताया कि हम सब ने इस बात का भी संकल्प लिए है कि हमारा पडोसी भी अवश्य मतदान करे । आयुक्त ने प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताए कि इस चुनाव मे वरिष्ठ नागरिकों के लिए चुनाव आयोग ने घर पर ही मतदान की व्यवस्था किया है । बैठक मे एस.डी.एम. जागेश्वर कौशल, भिलाई निगम के भवन अधिकारी हिमान्शु देशमुख भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न कालोनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुपेला चौक पर दीप जलाकर 17 को मतदान करने किये अपील

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज सुपेला चौक पर दीपोत्सव मनाया गया। भिलाई निगम क्षेत्र के हर नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है सभी नागरिक 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा घड़ी चौक सुपेला पर आज दीप जलाया गया। महिलाओ ने बड़े सुंदर तरिके से 100त्न मतदान, 1श्रह्लद्ग, वोटिंग मशीन की आकृति में रंगोली बनाकर दिए से सजाये थे, इस दौरान पूरा चौक दिए की रौशनी जगमगाने लगा। कार्यक्रम में उपस्थित निगम के अधिकारी, कर्मचारी और महिला समूह की सदस्यों ने नागरिक के साथ सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिए।

### निगम क्षेत्र के तालाब, उद्यानों की साफ-सफाई हो रही प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र के तालाब एवं उद्यानों की युद्व स्तर पर सफाई किया जा रहा है, त्यौहारी सीजन को देखते हुए आयुक्त के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्ग, व्यवसायिक क्षेत्र, उद्यान, कालोनी तथा गली मोहल्ले में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किया जा रहा है। भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने आगामी दिपावली पर्व एवं छट पर्व को ध्यान में रखते हुए जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि शहर के सभी पोल में लगे लाईट चालू हो जिन पोल में फिक्चर नहीं है उनमें तत्काल व्यवस्था कर बंद एवं बिना लाईट वाले पोल में लाईट लगाकर चालू करें। नगर के सभी पोल के लाईट चालू हो साथ ही छट के लिए शहर के तालाबों की सफाई, पार में बने घेरे की रंगाई पोताई करने को कहा है। आयुक्त अपनी टीम के साथ तालाबों का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिये है ।

# पिछले पांच सालों में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का हुआ है चहुंमुखी विकासः ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मंचादुर, नगरनिगम रिसाली के अंतर्गत स्टेशन मरोदा,ग्राम कोटनी, मरोदा सेक्टर, रिसाली मार्केट, जोहार चौक, प्रगति नगर, कृष्णा टाकीज मार्केट, टंकी मरोदा मार्केट , स्टेशन मरोदा मार्केट में जनसंपर्क के दौरान अपने उद्बोधन में ताम्रध्वज साहू ने कहा की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच सालों में हमेशा सर्वहारा वर्ग की सोच को परिलक्षित किया है।





चाहे किसान हो या मजदूर या फिर कोई भी वर्ग हरेक को उसका अधिकार मिला और सरकार की जो प्रतिबद्धता आमजन के साथ होती है वह आमजन को मिले आगे कहा की मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता, संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के साथ ही अंतिम व्यक्ति का ध्यान रख योजनाओं को क्रियान्वित किया है जिसमें आम जनता को लाभ मिला है। छत्तीसगढ़के के साथ साथ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में चहुंमुखी विकास साथ छेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के साथ साथ सड़क,शिक्षा स्वास्थ, स्वास्थ, पेयजल एवम् व नैतिक विकास एवम् संस्कृति विकास के लिए कार्य हो रही है।

जिससे आमजनों के जीवन स्तर ऊंचा उठा है,एक तरफ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सड़को का जाल बिछा है वहीं छेत्र में बड़े बड़े पुल पुलिया सीमेंटीकरण,सामाजिक भवन जैसे विभिन्न विकास कार्य हुआ है।साथ ही क्षेत्र में नगर निगम रिसाली के मार्केट में जाकर व्यापारी वर्ग से हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया।महापौर शशि सिन्हा ने कांग्रेस सरकार फिर से बनाने हेतु सभी से आने वाले 17 नवंबर को पंजा छाप में बटन दबाकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील किया है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र साहू,अध्यक्ष केश कला बोर्ड नंद कुमार सेन,जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकर, सरपंच मनोज साहू, भरत निषाद, राजेन्द्र ठाकुर, बिरेंद्र निषाद,महापौर रिसाली शशि सिन्हा,सरपंच दिलीप साहू, गोवर्धन बारले,सभापति केशव बंछोर सहित वार्ड पार्षद एल्डरमैन, राजिव यूवा मितान क्लब, जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी, युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस सहित ग्राम वाशी एव वार्ड वाशी बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गृहमंत्री साहू ने प्रदेशवासियो को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की दी शुभकामनाएं

**दुर्ग।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. इन सभी पुण्य त्योहारों के पावन अवसर पर श्री साहू ने प्रदेशवासियों के सुखी व खुशहाल जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की है. श्री साहू ने प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली हमारी संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है. यह पावन पर्व भारतीय समाज, देश सहित पूरे प्रदेश में सम्पन्नता एवं समृद्धि लाए यही मेरी ईश्वर से कामना है। इसी के साथ-साथ श्री साहू ने प्रदेश वासियों को गोवर्धन पूजा और भाई दूज की भी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमारे लोकजीवन से जुड़ा पर्व है। इस दिन गायों की पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाती है और गोधन के रूप में अमूल्य चीजों की पूजा कर उनके प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट किया जाता है। श्री साहू ने आगे कहा कि भाईङ्कबहनों के अटूट विश्वास का प्रतीक पर्व भाईदूज हम सभी को परस्पर सम्मान, स्नेह, भरोसा और अपनेपन के साथ एक दूसरे के साथ रहने और खुशहाल जीवन व्यतीत करने की सीख देता है ।

### विश्वास यात्रा को मिल रहा भारी समर्थन, हजारों की संख्या में लोग यात्रा में हो रहे शामिल

# भिलाई की जनता को देवेंद्र यादव पर विश्वास, मतदाताओं ने खुलकर कहा दोबारा देवेंद्र को ही बनाएंगे अपना विधायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक श्री यादव आम सभा लेना भी शुरू कर दिया है। बारी-बारी से हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाल कर जनसंपर्क कर रहे हैं। भिलाई की जनता भी अपने परिवार सहित देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जता रही है और जनता खुलकर विधायक देवेंद्र यादव को फिर से अपना विधायक चुनने की बात कह रहे हैं।



आज प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव से एक मतदाता ने कहा कि इस बार आपको ही फिर से वोट देंगे। हमें आप जैसा जनप्रतिनिधि पहली बार मिला है, जो हमेशा जनता के बीच रहता है। हम इस बार बंगले वाले नेता का यह भ्रम तोड़ देंगे कि 5 साल बाद फिर उनके जीतने की बारी है। पहले हम उन्हें वोट इस उम्मीद से करते थे कि उनका स्वभाव और व्यवहार बदल जाएगा, पर उन्होंने हमें हर बार निराश किया। हम उन्हें अब 17 नवंबर को राजनीति से अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने जा रहे हैं।

9 नवंम्बर को विधायक श्री यादव ने भिलाई नगर विधानसभा के कई वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली और आम सभा की। साथ ही घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। लोगों मिले और कांग्रेस सरकार ने इन 5 साल में प्रदेश और प्रदेश की जनता के हित और विकास के लिए जो काम किया है। उसके बारे में बताए। विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। हमेशा से भिलाई की जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिलते रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आगे भी यह प्रेम और विश्वास आप लोग बनाएं रहेंगे। बंगले वाले नेता को 5 साल में कभी जनता का हालचाल पूछने की फूर्सत तक नहीं मिली। जब दो साल तक कोरोना महामारी का भंयकर दौर था। तब भी वे अपने बंगले में आराम फरमाते रहे। भिलाई की जनता की एक रुपए की फिक्र नहीं की। और अब जब चुनाव आया है तो वे गली-गली हाथ जोड़कर घूम रहे है। जनता को पैर छूवाने वाले, प्रमाण करवाने वाले, डाट कर लोगों बंगले से भगवाने वाले नेता अब हाथ जोड़ कर जनता से वोट की भीग मांगते फिर रहे है। पर हमें पूरा विश्वास है कि भिलाई की जनता को पता है कि कौन उनका हितैषी है और कौन नहीं। किसने विकास के नाम पर लोगों का मकान तोड़ा था और किसने लोगों को बेघर कर दिया था। कोरोना के दो साल में मैं जनता की सेवा में लगा रहा। इस दौरान मुझे तीन बार कोरोना हुआ। तीनों बार अस्पताल में भर्ती हुआ और मेरे जान पर बन आई थी, लेकिन भिलाई की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ इसलिए मुझे कुछ नहीं हुआ।

और मैने उस कोरोना काल के विषय पर्रिस्थिति में भी मैं जनता के साथ खड़ा रहा। लोगों को चावल, दाल, राशन, सब्जी, फल, सेनेटाइजर, मास्क बांटे। जो अस्पताल में भर्ती हुए, उन्हे पूरा इलाज मिले। इसकी भी पूरी कोशिश की। यह सब जनता जानती है और भिलाई की जनता हमेशा सत्य के साथ है।

## युवोदय दुर्ग के दूत स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के दिशा निर्देश में युवोदय दुर्ग के दूत, इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा घर - घर जाकर निष्पक्ष मतदान हेतु लोगो को जागरुक किया गया। स्वयं सेवकों के द्वारा अटल आवास, जवाहर नगर,भिलाई क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। युवोदय स्वयं सेवकों के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता के साथ अन्य विषयो जैसे - मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति, एएनसी चेकअप, पोषण ,एनीमिया जैसे विषयो के जागरूकता कार्य किया जा रहा है। आज के कार्यकम में नारे के माध्यम से और घर - घर जाकर परिवार के लोगो से मिलकर 17 नवंबर को मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील किया गया एवं शपथ ग्रहण कराया गया। आज के कार्यक्रम में युवोदय दुर्ग दूत से विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार साहू, छत्रपाल साहू, साक्षी, खुशी, राखी, संजना गौतम, कंचन, काजल निषाद, मरियम खातून, तनुप्रिया साव , तनु भारती, शबनम, अनिता ,निशा शाह, निधि आदि उपस्थित रहे।

## बीएसपी के ग्रीन टाइल्स प्लांट से पेवर ब्लॉक की पहली खेप टीएसडी को भेजी गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एलडीसीपी विभाग में रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट-1 क्षेत्र में स्थापित 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' में निर्मित पेवर ब्लॉक की पहली खेप को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा, 08 नवंबर 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कुल 8.8 मीट्रिक टन से अधिक वजन वाले पेवर ब्लॉक की यह पहली खेप 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' से बीएसपी के टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट को भेजी गई। ज्ञात हो कि संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 24 जून, 2023 को ग्रीन टाइल्स प्लांट का उद्घाटन किया था। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार और मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और संयंत्र कर्मी उपस्थित थे। हरित पर्यावरण पहल के तहत और 100त्न ठोस अपशिष्ट के उपयोग का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में यह संयंत्र का ठोस कदम है। दीर्घकालिक और शून्य कार्बन उत्सर्जन भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, ईंधन मुक्त प्रक्रिया के माध्यम से, बीओएफ स्लैग का उपयोग करके 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' में पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। श्री तापस दासगुप्ता के मार्गदर्शन में बीएसपी की एक अंतर-विभागीय टीम ने (5-12 मिमी) बीओएफ स्लैग से पेवर ब्लॉक बनाने के पायलट प्रोजेक्ट का अध्ययन करने के लिए, पिछले दिनों आरडीसीआईएस रांची का दौरा किया था। नव-निर्मित 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' में निर्मित पेवर ब्लॉक में आईएस 15658:2006 के अनुसार 40 एन/मिमी2 की स्पेसिफाइड कॉम्प्रेशन स्ट्रेंथ (एम-40 कॉम्प्रेशन स्ट्रेंथ) है।




### दीपावली पर बच्चों ने बनाया मनमोहन कैंडल व दीपक, रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए अपने हुनर

# डीएवी में हर्षोल्लास से मनाया गया दीपोत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में दीपावली पर्व की धूम रही। दीपावली अवकाश घोषित होने से पहले बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ दीपावली सेलिब्रेट किया।दीपावली के पर्व पर विद्यार्थियो द्वारा प्रदर्शित अनेक गतिविधियां मनमोहक व ज्ञानप्रद रहा। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस विशेष दिन 'जीरो हंगर ड्राइव' के विषय में छात्र-छात्राओं में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम किया गया।





जिसके तहत हमारे देश का वर्ष 2030 तक भूख मुक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करना है ।सीनियर विंग्स के छात्रों ने सभी विद्यार्थियों से किसी भी तरह की बर्बादी न करने का आग्रह किया।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सुंदर दीपावली रंगोली बनाकर दीपक एवं मोमबत्ती से सजाकर खुशी जताई। एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला सहित समस्त टीचर्स उपस्थित थे। इस तरह से स्कूल के बच्चों ने प्रकृति पर आधारित दीपोत्सव मनाया। गोमाता के गोबर प्राकृतिक मिट्टी व प्राकृतिक रंगों से बच्चों ने रंग बिरंगे दीये बनाए और रंगोली सजाई। आकर्षक चित्रों और क्ले के दीयों से विद्यालय को सजाया गया। बंदनवार लगाए गए ।माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो चला था।स्कूल प्रांगण में दीपावली पर्व की शानदार झलक देखने को मिली । छोटे बच्चों की खुशियां देखते ही बन रही थी।इस मौके पर प्राइमरी विंग के सभी बच्चे सुंदर परिधानों में स्कूल आए। छठवीं से आठवीं तक के छात्र छात्राओं ने इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा सातवीं, आठवीं और नवमी के छात्र-छात्राओं ने श्रीराम चंद्र व भरत के मिलाप के प्रसंग का मंचन किया ।वहीं कक्षा चौथी सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं ने मेरे घर राम आएंगे गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। श्रीरामचंद्र की वंदना की गई और स्वागत गीत भी गाया गया। उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को बाहर लाना एवं उन्हें दीपावली का महत्व समझाना था। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने अपने संदेश में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि त्योहार मनाने के साथ ही शिक्षा पर भी ध्यान दें। शिक्षा ही व्यक्ति को ऊंचाई पर ले जा सकती है।

## क्वालिटी कंसेप्ट्स के इंटरनेशनल कन्वेंशन-2023 में बीएसपी ने जीता गोल्ड अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की क्वालिटी सर्कल टीमों ने बीई विभाग के मार्गदर्शन में अपनी सृजनशीलता को ऊंची उड़ान देने में कामयाबी हासिल की है। चीन के बीजिंग में 30 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2023 के बीच आयोजित क्वालिटी कंट्रोल सर्कल के इंटरनेशनल कन्वेंशन प्रतियोगिता में बीएसपी की बीआरएम विभाग की क्वालिटी सर्कल टीम 'सारथी' ने गोल्ड अवार्ड जीतने में कामयाबी हासिल की है। व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा के मार्गदर्शन में बीई विभाग के विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक मनोज दुबे के नेतृत्व में बार रॉड मिल की टीम 'सारथी' जिसमें दीपेश कुमार चुघ, धनराज साहू, शुभम शिंदे, कुंते लाल व यशवंत कुमार शामिल है, ने क्वालिटी कंसेप्ट्स के इंटरनेशनल कन्वेंशन में गोल्ड अवार्ड जीतकर भिलाई का नाम रौशन किया है।




इस प्रतियोगिता में बीएसपी की टीम ने अपने विभाग में किए गए सृजनशील कार्यों पर केस स्टडी प्रस्तुत किया। बार रॉड मिल की टीम 'सारथी' ने 16 एमएम सेक्शन को रोल करने के लिए स्टैंड-18 में प्रयुक्त होने वाले रोल में नंबर ऑफ ग्रूव्स की संख्या को बढ़ाकर स्टैंड चेंज में समय की बचत को अपने प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया था। इस प्रतियोगिता में चीन, भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, कोरिया, थाइलैंड, मॉरिशस सहित विभिन्न देशों की टीमों ने भाग लिया था। इस उपलब्धि हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने क्वालिटी सर्किल टीम 'सारथी' के सभी सदस्यों को विशेष रूप से बधाई दी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950